

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-260 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक पंजीकरण 20 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.


## रमन सिंह सर्वसम्मति से बने विधानसभा अध्यक्ष

■ मुख्यमंत्री ने कहा- अनुभव का मिलेगा लाभ, महंत बोले- आप जहां बैठे हैं, वो मेरा अतीत, आज मैं जहां वो मेरा वर्तमान

**रायपुर 19 दिसंबर।** रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिये गये हैं। प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम ने उनके निर्विरोध निर्वाचित होने की सदन में घोषणा की। प्रोटेम स्पीकर के अनुरोध पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने उन्हें आसंदी तक पहुंचाया।

बाद में विष्णुदेव साय ने सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष पद पर रमन सिंह के चयन पर खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि रमन सिंह का लंबा संसदीय अनुभव रहा है। वो मुख्यमंत्री, विधायक और अब विधानसभा अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। उनके अनुभव का लाभ सभी को मिलेगा। मख्यमंत्री ने विधानसभा में विपक्ष का भी आभार जताया, जिन्होंने संसदीय परंपरा का निर्वहन करते हुए सर्व सम्मिति से अध्यक्ष चुना।

वहीं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि विपक्ष ने भी आपको अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि 15 साल आपने



मुख्यमंत्री के तौर पर प्रदेश की सेवा की है, अब विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर आप संसदीय परंपरा के उच्च मापदंड को स्थापित करेंगे। महंत ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप जहां अभी बैठे हैं, वो मेरा अतीत है, मैं अभी जहां बैठा हूं, वो मेरा वर्तमान है..और अतीत का वर्तमान के प्रति सदैव सम्मान रहा है। वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमन सिंह का व्यक्तित्व विराट है वे छःबार विधायक तथा 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे है। वे सरलता, विनम्रता व सादगी के पर्याय है।

## ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिकाएं खारिज

■ वाराणसी 19 दिसंबर



ज्ञानवापी मस्जिद पर दावे को लेकर निचली अदालत में चल रही सुनवाई के खिलाफ दायर मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुन्नी वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने उस केस को खारिज करने की अपील की थी, जिसमें हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर पर बनी है और उसमें पूजा का अधिकार हिंदुओं का है। इसके अलावा उसका स्वरूप अब मंदिर में तब्दील होना चाहिए। इस मामले में निचली अदालत में सुनवाई चल रही है, जिस पर रोक लगाने से हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने इस दौरान अहम फैसला देते हुए कहा कि ज्ञानवापी का मामला 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप ऐक्ट के तहत नहीं आता। इस कानून में कहा गया था कि 1947 में जिन धार्मिक स्थलों का जो स्वरूप था, वही माना जाएगा और उसमें कोई तब्दीली नहीं की जा सकती। ऐसे में ज्ञानवापी पर केस चलने का रास्ता खुल गया है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत को यह भी आदेश दिया है कि 6 महीने के अंदर इस मामले की सुनवाई की जाए क्योंकि यह देश के दो बड़े समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकता है।

यही नहीं अदालत ने एक अहम टिप्पणी और की है कि किसी धार्मिक स्थल का एक ही कैरेक्टर हो सकता है। वह या तो मंदिर ही हो सकता है या फिर उसका स्वरूप मस्जिद का ही हो सकता है। दरअसल हिंदू पक्ष का दावा है कि मंदिर को तोड़कर ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण किया गया था और उसकी दीवारों पर आज भी हिंदू प्रतीक चिह्न मिलते हैं। इस मामले में ASI की ओर से एक सर्वे भी हो चुका है, जिसकी रिपोर्ट सोमवार को अदालत में पेश की गई थी। हाई कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि इस मामले में किसी भी तरह के सर्वे की जरूरत होती है तो वह भी कराया जा सकता है।

## संक्षेप

### कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज रात

**रायपुर 19 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद आज यानी 19 से 21 दिसंबर तक विधानसभा शीतकालीन सत्र चलेगा. सत्र के पहले दिन की समाप्ति के बाद कांग्रेस विधायक की बैठक आज रात 8 बजे से मंहत के निवास में होगी. यह बैठक में नए नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास में होने वाली है. इसमें कांग्रेस के सभी 35 विधायक शामिल होंगे. कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पहले नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से सभी विधायकों का परिचय होगा. उसके बाद विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ अनुपूरक बजट को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी. बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के तीन दिवसीय सत्र में कुल 3 बैठकें होंगी. सत्र में सरकार 10 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट लाएगी. यह अनुपूरक बजट 3 योजनाओं के लिए पेश होगा. जिसमें किसानों के 2 साल के बकाया बोनस के लिए 2500 करोड़ रुपये, पीएम आवास योजना के लिए 3 हजार करोड़ रुपये, महतारी वंदन योजना के लिए 500 करोड़ का अनुपूरक बजट होगा।

### चीन में भूकंप से 111 लोगों की मौत

**बीजिंग 19 दिसंबर।** चीन में देर रात जोरदार भूकंप से तबाही मच गई है. इस जोरदार भूकंप में अब तक 110 लोगों की मौत हो गई है. वहीं 200 से अधिक लोगों के घायल होने की भी खबर है. भूकंप के बाद स्थानीय आपातकालीन प्रबंधन और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों सहित बचाव कर्मियों की तैनाती की गई है. सभी घायलों का रेस्क्यू जारी है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार देर रात उत्तर पश्चिमी चीन में भूकंप के ये झटके आए. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का कहना है कि रिएक्ट्र स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.9 और गहराई 10 किमी थी. भूकंप के झटके से गांसु और किंघई प्रांत में कई इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है. वहीं ढहे इमारतों के मलबे में दबे लोगों को निकालने के प्रयास लगातार जारी है. चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अधिकारियों को जारी एक बयान में कहा है कि खोज और बचाव, घायलों का समय पर इलाज करने और प्रभावितों की मदद के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए. चीनी मीडिया के अनुसार, भूकंप में गांसु प्रांत में 100 और पड़ोसी किंघई प्रांत में 11 लोगों की मौत हो गई. शिन्हुआ ने कहा कि इस भूकंप में 200 से अधिक लोग घायल हुए, गांसु में 96 और किंघई में 124 लोग घायल हुए।

### सड़क हादसे में एक की मौत कई घायल

**कवर्धा 19 दिसंबर।** जिले के कुकदूर थाना अंतर्गत हनुमत खोर मोड़ के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है, जहाँ एक तेज रफ़्तार वाहन अनियंत्रित होकर 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं सात लोग घायल हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है। बताया जा रहा है कि, गाड़ी में 10 मजदूर सवार होकर भेलकी गांव से मोहगांव गन्ना काटने जा रहे थे। इस दौरान हनुमत खोल के पास मोड पर गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में मोतु सिंह की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत

**जगदलपुर 19 दिसंबर।** जगदलपुर में बीती रात भीषण सड़क हादसे में शहर के 2 युवकों की मौत हो गई बर्थडे पार्टी मनाकर युवक वापस लौट रहे थे शहीद पार्क के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई यह हादसा इतना भीषण था की मौके पर ही 2 युवकों की मौत हो गई जबकि 2 युवक घायल हुए यह पूरा हादसा सीसीटीवी कैमरे में क़ैद हो गया घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को महारानी अस्पताल पंहुचाया सीएसपी विकास कुमार ने बताया सभी युवक कुरंदी स्थित एक रिसॉर्ट में बर्थडे पार्टी मनाने गए हुए थे घटना में राहुल पवार और



विभोर गुप्ता की मौत हो गई जबकि सरफराज और रोहन घायल हुए है पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है बताया जा रहा है की तेज रफ्तार में होने के कारण यह सड़क हादसा हुआ।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**बीजापुर 19 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से नक्सल घटनाएं बढ़ गई है. बीजापुर में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई. चिन्नागेलुर के जंगलों में ये मुठभेड़ हुई.

बीजापुर में सीआरपीएफ और एसटीएफ की टीम चिन्नागेलुर की तरफ एरिया डॉमिनेशन के लिए निकली हुई ती. इसी दौरान चिन्नागेलुर के जंगल में छिपे बैठे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनड लॉचर) से जवानों पर हमला किया. जवानों ने भी नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की. जिसके बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर जंगल में भाग गए. जवान पूरे क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान चला रहे हैं.

छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सली घटनाएं हो रही है. नई सरकार बनने के बाद सीएम के शपथ ग्रहण के दिन भी नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया जिसमें नारायणपुर में एक जवान शहीद हो गया. इसके दूसरे दिन कांकेर में बीएसएफ का जवान शहीद हो गया. जवानों के शहीद होने के बाद सीएम



विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम ने नक्सलियों पर बड़ी कार्रवाई करने को लेकर निर्देश दिए.

सीएम विष्णुदेव साय ने नक्सलियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है. बसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है. नक्सलियों की बौखलाहट बढ़ गई है. जिसके चलते माओवादी कायराना हरकत कर रहे हैं. जैसे पहले 15 वर्षों में हम नक्सलियों से लड़ाई लड़ी है. इस बार डबल इंजन की सरकार है. उससे भी ज्यादा मजबूती के साथ आने वाले समय में नक्सलियों से लड़ाई लड़ेंगे।

## ये हताशा और बौखलाहट तीन राज्यों में हार से हैः मोदी

**नई दिल्ली 19 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बीजेपी सांसदों को विपक्ष की आलोचना का जवाब देते समय मर्यादा बनाए रखने की सलाह दी। वह 2023 की आखिरी संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने संसद में विपक्ष के रवैये पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की हताशा और बौखलाहट तीन राज्यों में हार से है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं द्वारा किये गये सुरक्षा उल्लंघन का समर्थन कर रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य मोदी को हटाना है लेकिन सरकार का मकसद देश का विकास करना है।

पीएम मोदी ने संसद में विरोध प्रदर्शन को लेकर विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनके आचरण से यह सुनिश्चित होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी जबकि भाजपा को संख्या में फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को जो कुछ हुआ उसकी सामूहिक रूप से निंदा करनी चाहिए थी। प्रधानमंत्री ने भाजपा सदस्यों से संयम बनाए रखने और लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन करने को कहा है।

## टीएमसी सांसद ने की उपराष्ट्रपति की मिमिक्री, धनखड़ बोले- शर्मनाक

**नई दिल्ली 19 दिसंबर।** टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। उन्होंने राज्यसभा चेयरमैन के तौर पर सदन के संचालन के उनके तरीके का मजाक उड़ाया। इस दौरान राहुल गांधी वीडियो बना रहे थे। टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ की मिमिक्री की। उन्होंने राज्यसभा चेयरमैन के तौर पर सदन के संचालन के उनके तरीके का मजाक उड़ाया। इस दौरान राहुल गांधी भी सामने ही खड़े थे। वह हंसते दिखाई दिए और वीडियो भी बनाया। अब इस मामले पर खुद जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। इसके अलावा उन्होंने राज्यसभा में भी इसका जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैंने अभी एक टीवी चैनल पर देखा, जब एक सांसद चेयरमैन का मजाक बना रहे थे और आपके एक बड़े नेता उसका वीडियो बना रहे थे। जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि उन्हें सदबुद्धि मिले। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि चेयरमैन का पद अलग होता है। पक्ष या विपक्ष के तौर पर राजनीतिक दल एक-दूसरे से भिड़ सकते हैं। लेकिन इससे चेयरमैन को दूर रखना चाहिए। चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन वीडियो राहुल गांधी ही बना रहे थे। इससे साफ है कि वह राहुल गांधी से ही खफा थे।

## शशि थरूर, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले सहित 49 और निलंबित

**नई दिल्ली 19 दिसंबर।** लोकसभा में सुप्रिया सुले, मनीष तिवारी, शशि थरूर, मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय, डिंपल यादव और दानिश अली सहित 49 विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया।

संसद में विपक्षी इंडिया गुट की ताकत मंगलवार को और कम हो गई। अनियंत्रित व्यवहार और सभापति के निर्देशों की अवहेलना के लिए अधिक सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह एक दिन पहले संसद के दोनों सदनों से अभूतपूर्व रूप से 78 सांसदों के निलंबन के बाद हुआ है। लोकसभा में सुप्रिया सुले, मनीष तिवारी, शशि थरूर, मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंधोपाध्याय, डिंपल यादव और दानिश अली सहित 49 विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया।

लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला को संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ÷पुलिस किसके अंतर्गत आती है अगर उन्होंने (केंद्रीय गृह मंत्री) घटना (सुरक्षा उल्लंघन) पर संसद में बयान दिया होता तो क्या होता÷ सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा लाया गया था। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने निचले सदन में कहा, सदन के अंदर तख्तियां नहीं लाने का निर्णय लिया गया। हालिया चुनाव हारने के बाद हताशा के कारण वे ऐसे कदम उठा रहे हैं। यही कारण है कि हम (सांसदों को निलंबित करने का) प्रस्ताव ला रहे हैं। इसके साथ, संसद से निलंबित सांसदों की कुल संख्या 141 हो गई है। सोमवार को 46 विपक्षी सांसदों को लोकसभा से और 45 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। जैसे ही विपक्षी सांसदों के खिलाफ कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा और उनसे संसदीय प्रक्रियाओं के हित में सांसदों के निलंबन के मामले को संबोधित करने को कहा।

## इंडी गठबंधन के नेताओं के नहीं मिल रहे दिल

**नई दिल्ली 19 दिसंबर।** देश की राजधानी दिल्ली में 19 दिसंबर यानी आज विपक्षी इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं की चौथी बैठक होनी है. इंडिया गठबंधन की इस चौथी बैठक से पहले गठबंधन के कोऑर्डिनेटर से लेकर सीटों की डिमांड तक, कई मुद्दों को लेकर बयानी जंग भी जारी है. इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कुछ नेताओं के ऐसे बयान सामने आए हैं, जिन्हें लेकर अब ये सवाल उठने लगे हैं कि क्या दल मिल रहे हैं, दिल नहीं

सबसे पहले बात लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी की. अधीर ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में हम अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं. पश्चिम बंगाल, दिल्ली, हर जगह हम अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं. उन्होंने ये भी कहा कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक दल है लेकिन अपनी-अपनी पार्टियां तो हैं ही. अधीर ने सीट शेयरिंग को लेकर यह भी कहा है कि सबकी अपनी-अपनी मांग होगी. इसे पश्चिम बंगाल में टीएमसी और आम आदमी पार्टी के साथ दिल्ली में सीट शेयरिंग की चर्चा से जोड़कर देखा जा रहा है.

वहीं, शिवसेना यूबीटी के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने गठबंधन के कोऑर्डिनेटर का राग अलाप दिया है. इंडिया गठबंधन की बैठक में




शामिल होने दिल्ली पहुंचे उद्धव ने कहा है कि अब समय आ गया है जब हम सभी को साथ बैठकर एक कोऑर्डिनेटर पर फैसला लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि बगैर कोऑर्डिनेटर के एक चेहरा नहीं हो सकता. उद्धव के बयान से पहले शिवसेना के मुखपत्र सामना ने अपने संपादकीय में कहा कि इंडिया गठबंधन को मोदी के खिलाफ एक चेहरे की, एक संयोजक की जरूरत है.

शिवसेना यूबीटी सांसद अनिल देसाई ने भी इसे लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा है इंडिया गठबंधन में 29 पार्टियां शामिल हैं. अब एक चेहरे की जरूरत है जो इन सभी दलों से कोऑर्डिनेट करे और आने वाले चुनाव, अन्य चीजों को लेकर निर्णय ले. अनिल देसाई ने ये भी कहा कि संपादकीय में जो लिखा गया है, वह वैसा ही जैसी चर्चा मीटिंग में एक नेता की ओर से होनी है. शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा है कि सामना सच सामने रखने में चूकता नहीं है. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में अगर कमियां हैं कुछ तो उसको सामने रखा है. प्रियंका चतुर्वेदी ने सीट शेयरिंग पर चर्चा की मांग की और कहा कि अब निर्णायक कदम उठाना ही पड़ेगा. वहीं, जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने भी सामना के संपादकीय का समर्थन किया है. केसी त्यागी ने कहा है कि हम एक साल बर्बाद कर चुके. बीजेपी बूथ लेवल पर काम कर रही है, हम अभी भी अपने मतभेद दूर करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने ये भी कहा कि बैठक के दिन कड़वे शब्द नहीं बोलना चाहता लेकिन सीट शेयरिंग से लेकर चुनाव प्रचार के नेतृत्व तक निर्णय क्षेत्रीय क्षत्रपों को ही करना है. केसी त्यागी ने ये भी कहा कि नीतीश कुमार ने अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी जैसे नेताओं को कांग्रेस के साथ एक मंच पर लाकर असंभव को संभव कर दिखाया था.

जेडीयू विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि नीतीश को पीएम कैंडिडेट घोषित कर देने पर ही फायदा होगा. इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार ही स्वच्छ छवि वाले नेता है. जेडीयू विधायक ने कहा कि नीतीश की छवि ईमानदार नेता की है. अगर कोई और चेहरा सामने आएगा तो हम चुनाव हार जाएंगे. बिहार सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री जमा खान ने नीतीश कुमार की पीएम उम्मीदवारी को जनता की पुकार बताते हुए कहा है कि ये देश चाहता है. उन्होंने कहा कि बिहार के बाहर कई राज्यों में भी नीतीश कुमार की मांग है. जमा खान ने कहा कि करोड़ों लोग ये चाहते हैं कि नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचें और देश संभालें. उन्होंने ये भी कहा कि लोकतंत्र बचाना होगा तो नीतीश कुमार को आगे आने होगा. नीतीश कुमार को पीएम फेस होना ही चाहिए।

## प्रोटेम स्पीकर ने विधायकों को दिलाई शपथ

**रायपुर 19 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का सत्र प्रारंभ हो गया है। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर रामविचार नेताम में नवनियुक्त विधायकों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकांश विधायकों ने छत्तीसगढ़ में तो कुछ ने संस्कृत और हिंदी में सदन की सदस्यता की शपथ ली।

छठवीं विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित विधायकों का आज विधानसभा सत्र के पहले दिन भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा सचिवालय की तरफ से नव निर्वाचित विधायकों का गेट पर गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। विधानसभा परिसर को भी विशेष रुप से सजाया गया है। छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति के रंगों के बीच एक-एक कर सभी विधायक सदन में पहुंचे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रोटेम स्पीकर ने सभी सदस्यों का सदन में स्वागत किया। इसके बाद सभापति तालिका की घोषणा की गई। इसके बाद नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण शुरू हुआ। सबसे पहले सदन के नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा की सदस्यता ली। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को प्रोटेम स्पीकर ने शपथ दिलाया।

मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के साथ ही दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ली। इसके बाद सभापति तालिका में शामिल सदस्यों ने शपथ लिया। विक्रम उसेंडी, धर्मजीत सिंह, लखेश्वर बघेल और दलेश्वर साहू शामिल थे। इसके बाद बाकी बचे सदस्यों का विधानसभावार शपथ ग्रहण शुरू हुआ। सबसे पहले भरतपुर-सोहन सीट से विधायक चुनी गई रेणुका सिंह ने शपथ लिया। दो विधायकों विद्यावती सिदार और प्रेमचंद पटेल ने संस्कृत में शपथ ली। इसके बाद मनेंद्रगढ़ विधायक ने शपथ लिया।

## एक नजर

### कई लोगों को लूटने का प्रयास किया

**भिलाई, 19 दिसंबर।** भिलाई सेक्टर-9 अस्पताल के आगे नर्सिंग कॉलेज से हुडको जाने वाले सडक पर मार्केट के पास 10-15 लोगों ने कई लोगों को लूटने का प्रयास किया. प्रार्थियों ने फोन कर पुलिस को इसकी सूचना दी पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है शहर में रात हुए इस तरह की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है पुलिस ने बताया कि 10-15 लोगां के झुंड द्वारा कई लोगों को लूट लिया गया. सडक से गुजरने वाली बाइक और कार चालकों को रोककर उन्हें लूटा गया. जिन लोगों के कार के सीसे बंद थे वे लूट का शिकार होने से बच गए. कई लोगों से मारपीट भी की गई है. बताया जाता है कि युवकां की झुंड ने एक पुलिस कर्मी की बाइक और रुपए भी लूट लिए है लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. लूट के शिकार हुए पुलिसकर्मी को गाडी में बिठाया और आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम निकल पडी. श्यामल रॉय दिखाई सूझबूझ, पुलिस को दी सूचना हुडको निवासी पीडित श्यामल रॉय ने बताया कि वे अपने पत्नी के साथ कार से सेक्टर 9 नर्सिंग कॉलेज होते हुए हुडको की ओर हा रहे थे. तभी अचानक ने 10 से 15 बदमशां का झुंड उनके कार के सामने आ गए. युवकां ने रुपए मांगते हुए कार का शीशा नीचे उतारने को कहा. कार चालक समझ गया था कि शीशा नीचे उतारते ही उन्हें लूट का शिकार होने पडेगा. वे अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी और आगे निकल गए. वहीं हुडको निवासी एक दूसरे व्यक्ति के कार के सामने भी बदमाशों का झूंड अचालक आ पटका उनके द्वारा कार का शीशा उतारते ही लूट का प्रयास करते हुए मारपीट की गई. उन्होंने ने भी इसकी सूचना पुलिस को दी. कुछ ही दूरी पर एक पुलिसकर्मी भी खडा. उनसे पूछे जाने पर पता चला की उन्हें बदमाशों द्वारा लूट गया लूटे उनका बाइक और रुपए लेकर भाग गए दुर्ग जिले में लूट हत्या चाकू बाजी की घटना बढ़ गई है पुलिस पर उठ रही है सवाल घर में लगातार चोरी की घटना बढ़ रही है पुलिस पेट्रोलियम के ऊपर उठ रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई, 19 दिसंबर।** भिलाई ब्लाक तालपुरी कालोनी में रहकर रूंगटा कालेज में



बीकाम की पढ़ाई कर रहे एक छात्र ने रविवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक मूल रूप से हरियाणा के हिसार जिले का रहने वाला था वो दो दिन पहले ही घर से वापस लौटा था रात को उसका रूम पार्टनर वापस लौटा तो उसने युवक की लाश को फंदे से झूलता पाया प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक की आर्थिक स्थिति कुछ ठीक नहीं थी भिलाई नगर पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है भिलाई नगर टीआई प्रभारी मनोज प्रजापति ने बताया कि मृतक मोहित मेहता ( 19 ) ग्राम खुकखर्णा जिला हिसार हरियाणा का रहने वाला था वो रूंगटा कालेज में बी काम प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था वो तालपुरी कालोनी के पारिजात ब्लाक में रहता था प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मोहित की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी साथ ही वो पारिवारिक परेशानियों से भी जूझ रहा था पढ़ाई के साथ ही वो रिसाली के गर्ग शूज दुकान में पार्ट काम भी करता था सात पहले वो रिसाली के मैत्री कुंज में किराये पर रहता था और उसके बाद वो पारिजात ब्लाक में आ गया था पुलिस को ये भी पता चला है कि छह महीने पहले मोहित गर्ग ने एक खाली सीरिंज से अपनी नस में हवा भर ली थी और नींद की गोलियां भी खा ली थी उस समय उसकी जान बच गई थी उसने दोस्तों को बताया था कुछ पारिवारिक कारणों से वो परेशान है और साथ ही उसकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है इसलिए ये आशंका जताई जा रही है कि उसने इन्हीं कारणों से आत्महत्या की होगी भिलाई नगर टीआई ने बताया कि शव को चीरघर में रखवा दिया गया है साथ ही उसके परिवार वालों को भी जानकारी दे दी गई है।

### हथखोज की एक फैक्ट्री में चोरी

**भिलाई ।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र हैवी इंडस्ट्रियल एरिया हथखोज स्थित एक फैक्ट्री में चोरी की घटना हुई है अज्ञात आरोपितों ने लोहे की छह प्लेटदो नग बेयरिंग और स्क्रैप पार कर दिया फैक्ट्री संचालक ने पुरानी भिलाई थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की है भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि हैवी इंडस्ट्रियल एरिया हथखोज स्थित गुप्ता रिफैक्ट्रीज मिनरल्स फैक्ट्री में चोरी की घटना हुई है फैक्ट्री के मालिक प्रशांत बंसल ने पुलिस को जानकारी दी कि वो सात दिसंबर की शाम को सभी कर्मचारियों के जाने के बाद खुद भी फैक्ट्री से घर चले गए थे अगली सुबह कंपनी के सुपरवाइजर उमेश कुमार ने शिकायतकर्ता को जानकारी दी कि फैक्ट्री का गेट अंदर से बंद है इस पर शिकायतकर्ता वहां पहुंचा और जाकर गेट को खुलवाया अंदर जाकर देखा तो वहां रखे लोहे के छह प्लेट और दो बेयरिंग गायब थे प्लेट और बेयरिंग का वजन 30-30 किलो था। इसके साथ ही बदमाशों ने 50 किलो वजनी लोहे का स्क्रैप भी चोरी कर लिया अज्ञात आरोपितों ने फैक्ट्री के भीतर घुसकर लोहे का सामान चोरी कर लिया चोरी गए सामान की कुल कीमत 25 हजार रुपये आकी गई है भिलाई - 3 आरोपितों की तलाश शुरू की है ।

# गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने की कला सिखाई:चंद्राकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 19 दिसंबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा ललित चंद्राकर ने सतनाम पंथ के संस्थापक बाबा गुरु घासीदास की 18 दिसम्बर को जयंती के अवसर पर दुर्ग ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ललित चंद्राकर ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास ने अपने उपदेशों के माध्यम से दुनिया को सत्य,अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया।

उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' के प्रेरक वाक्य के साथ यह संदेश दिया कि सभी मनुष्य एक समान है। उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक समरसता और सबके उत्थान की दिशा में काम किया। ललित चंद्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने लोगों को मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की। ललित चंद्राकर 18 दिसम्बर को, ग्राम पंचायत हनोदा.ग्राम पंचायत धनोरा.भिलाई नगर निगम डुण्डेरा ग्राम.कोलिहापुरी और खम्हरिया मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,समाज प्रमुख चंद्रशेखर बंजारे जी,सरपंच सुखीराम यादव पूर्व सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी यादव जी,चंद्रप्रकाश टण्डन, सोनु राजपुत, प्रवीण यदु,बालकदास डहरे, गज्जु साहू, हेमराज देशलहरे, विजेन्द्र बंजारे,हरि कुर्रे, पुनीत बंजारे,श्रीमती चमेली बंजारे, भुनेश्वरी बंजारे गांव में आयोजित बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम पंचायत हनोदा सरपंच तेजराम चंदेल, अध्यक्षता ?म.डी महिलकर,डॉ पी बाल किशोर.विकास चंद्राकर, अजय चंद्राकर,कृष्णा टंडन,विनोद चंद्राकर, डॉ. एल.सी.जांगड़े,सेवक चंदेल,राम खिलावन खुटेल,देवी प्रसाद साहू, टीकम सिंह चंद्राकर,वेद नारायण.गायकवाड,संचालक डॉ अशवणी जांगड़े, वहीं आज परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती एवं भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सतनामी समाज,और ग्राम वासियों के द्वारा किया गया था । इस जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन जोर-शोर से तैयारी में जुटे रहे हैं। साथ ही ग्राम वासियों ने ललित चंद्राकर का भव्य स्वागत हुआ और मंचों पर गुलदस्ता फूल फूलों से भी स्वागत किया गया।

## गुरु के बताएं मार्ग पर चलने से ही सार्थक होगा जीवन : देवेंद्र



**भिलाई, 19 दिसंबर।** गुरु घासीदास जयंती बहुत ही धूमधाम से मनाई गई। सेक्टर 6 सतनाम भवन में सतनामी समाज के प्रभुत्वजनों ने भव्य आयोजन किया। लगातार तीन दिन से चल रहे पूजा पाठ और शोभायात्रा से लेकर अन्य कार्यक्रम हुए। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

गुरू गद्दी पर पुष्प अर्पित किए और सत्य के प्रतिक जैतखाम में दीप प्रज्जवलित कर आरती की। समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल में यहां बाबा का आशीर्वाद लेने आता हूं। मेरा सौभाग्य है, जो आप लोगों की सेवा का मौका मिला और इस बार भी आप लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया। बाबा गुरू घासीदास जी हम सब ही नहीं पूरे मानव जाति को सत्य का मार्ग दिखाएं हैं। मानव जीवन के सार को बहुत ही सरलता से बताएं है। समाज के दुष्प्रथाओं को भी गुरूदेव ने बताया है ताकि हम उन चीजों से दूर रहे। बाबा के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चले। मनखे मनखे एक समान का संदेश उन्होंने दिया है और हम सब को भी अपने गुरू के बताए मार्ग पर चलना होगा। तभी हमारे जीवन सार्थक होगा।

## हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है जो हम सबके हृदय को छूती है:सुशील

**भिलाई, 19 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एमआरडी विभाग के सभागार में मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार के मुख्य आतिथ्य में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाप्रबंधक दिनेश अग्रवाल, महाप्रबंधक दीनामणि नायक, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे, वरिष्ठ प्रबंधक लव कुमार, प्रबंधक बी ईश्वर राव तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सुशील कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है। यह आम जनमानस की भाषा है व हम सबके हृदय को छूती है। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत प्रयास किया है। हमारा



विभाग एम.आर.डी. शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में करने हेतु सदा अग्रसर रहा है। हमारा सारा संवाद, विभिन्न बैठक आदि विभागीय कार्यक्रमों की संपूर्ण कार्यवाही हिंदी में ही संपन्न होती है। दिनेश अग्रवाल ने कहा कि, विभागीय सुरक्षा मानकों से संबंधित सभी जानकारियों को भी हिंदी में जारी किया जा रहा है। दीनामणि नायक ने कहा कि, गैर हिंदी भाषी प्रदेश से आने के बावजूद मैंने भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा में रहते ही हिंदी बोलना तथा लिखना सीखा है। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा वित्तीय शब्द ज्ञान पर आधारित एक रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे- प्रथम पुरस्कार- जूनियर ऑफिसर एवं हिंदी समन्वय अधिकारी कुलदीप सिंह तोमर, द्वितीय पुरस्कार- मास्टर ओसीटी सतीश कुमार साहू, तृतीय पुरस्कार- चार्जमेन कमलेश कुमार राजपूत ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता - महाप्रबंधक दिनेश अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे तथा प्रबंधक बी ईश्वर राव रहे। संचालन कुलदीप सिंह तोमर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बी ईश्वर राव ने दिया।



### ग्राहकों में मटर फल्ली की डिमांड बढ़ी

**कवर्धा।** गांव पौड़ी में बस स्टॉप पर सुबह से मटर फल्ली की बिक्री खूब हो रही है । आसपास के गांव से भी आते है पौड़ी बाजार घूमने और मार्केटिंग करने वाले भी मटर फल्ली खरीदते हुए देखे जा रहे है । ग्राहकों ने कहा की सब्जी में मटर फल्ली डालने से सभी रसदार सब्जी अच्छी बनती है और पुलाव और पनीर में भी प्रयोग किया जाता है । पोड़ी में पचास रुपया किलो अच्छी मटर फल्ली बिक रही है और ग्राहक खुश है ।

## जल प्रबंधन विभाग के कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम आयोजित किया

**भिलाई, 19 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक विभाग के द्वारा जल प्रबंधन विभाग में कार्यरत 21 कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत, अपने पतियों के कार्यस्थल के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों का भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी तथा विशेष अतिथि के रूप में महाप्रबंधक जे पी सिंह, महाप्रबंधक ए बेनर्जी, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी रिजवान खान उपस्थित थे। ए के जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आप लोगों को संयंत्र के कार्यस्थलों



को देखने, समझने का अवसर मिल रहा है। आप सभी संयंत्र का सुरक्षित तरीके से भ्रमण करें। अपने पति को घर से तनाव मुक्त डयूटी के लिए भेजें, ताकि वे सुरक्षित एवं तनाव मुक्त होकर अपनी जिम्मेदारी को पूरा कर घर लौट सके। राजीव कुमार ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आप लोगों को संयंत्र में अपने पति के कार्यस्थलों को देखने का मौका देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में, मिल्स जोन-3 के कार्मिक विभाग से सहायक प्रबंधक विजय कुमार, सेक्शन ऑफिसर श्यामल बेनर्जी, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रूहेल सिंह, वरिष्ठ स्टाफ सहायक श्रीमती नीता सरवरे, कनिष्ठ स्टाफ सहायक गुरूचरण सिंह सहित केंटीन सर्विसेस, मेडिकल एंड हेल्थ सर्विसेस तथा मानव संसाधन विभाग ने अपना योगदान दिया।

## एसएमएस-3 में आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

**भिलाई, 19 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला-3 (एसएमएस-3) में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। शुरुआत सुरक्षा शपथ, सुरक्षा गीत एवं सुरक्षा संबंधित क्विज से हुई। विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास, महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा एंब्रोस, महाप्रबंधक टी बैठा, महाप्रबंधक डी के वार्ष्णेय, महाप्रबंधक एस के मिश्रा एवं अशोक महोर, यूनियन पदाधिकारी सहित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। औद्योगिक सुरक्षा की दृष्टि से ओएचएस हेतु एसएमएस-



3 के बिल्डिंग क्रमांक-5 में स्थित एक नए कमरे का उद्घाटन मुख्य अतिथि एस के अग्रवाल द्वारा किया गया। एस के अग्रवाल ने समूह को अपने कार्यों एवं व्यवहार के द्वारा सुरक्षा सम्बन्धी बातों को अन्य लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी के बारे में समझाया। ए बी श्रीनिवास ने आग्रह किया कि वह अपने कार्य में एसओपी एवं एसएमपी का अनुपालन करें। श्रीमती पुष्पा एंब्रोस ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा की बिना प्रतिभागियों के कोई प्रतियोगिता संपन्न नहीं हो सकती, इस बार 585 लोगों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पूरे कार्यक्रम को एक ऊंचे स्तर तक पहुंचने में अपना योगदान दिया है। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक सुश्री अर्चना अतिका सिंह ने किया।

## पुलिस ने ग्राम गांगचुआ जंगल किनारे खेत में छापा मारकर 4 जुआरियों को दबोचा

**कवर्धा,19 अक्टूबर।** थाना बोडला क्षेत्रांर्गत अपराध पर अंकुश लगाने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डां. अभिषेक पल्लव द्वारा अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कडे निर्देश दिये गये थे जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान हरीश राठौर, श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोडला श्रीमान संजय तिवारी के मार्गदर्शन पर निरीक्षक व्यासनाराण चुरेन्द्र के कुशल नेतृत्व् में धर पकड कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। आज दिनांक मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम गांगचुआ जंगल किनारे खेत खार आम जगह पर कुछ जुआड़ियान जिले एवं अन्य जिले के थाना क्षेत्रयान के जुआडियान अपने मोटर सायकल का साधन संसाधन लेकर 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का दांव लगा कर अवैध धन लाभ अर्जित करने जुआ खेलने आये हुऐ हैं और जुआ खेल रहे हैं कि मुखबीर सूचना मिलने पर से थाना बोडला चौकी बैजलपुर प्रधान आरक्षक रमेश कश्यप को सूचना से अवगत करा कर अतिरिक्त बल पुलिस चौकी से लेकर रेड कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिस पर चौकी बैजलपुर से प्र.आर.174 रेमेश कश्यप हमराह आर. 639, 854, 882, 325, 999 के रवाना हुए जो मुखबीर सूचना से गवाहन 01- सिद्धराम साहू पिता भाई राम साहू उम्र 41 वर्ष 02- द्वारिका मानिकपुरी पिता सुकमन दास मानिकपुरी उम्र 34 वर्ष साकिनान



बैजलपुर चौकी बैजलपुर थाना बोडला जिला कबीरधाम को मुखबीर सूचना से अवगत करा कर धारा 160 जा.फौ. का नोटिस तामिल कर रेड कार्यवाही में शामिल किया जा कर मौका स्थल पहुंच कर घेराबंदी कर दबिश दिया जो मौके पर पुलिस को आते देखकर कुछ जुवाडियान अपने-अपने आये हुए संसाधन मोटर सायकल को छोड़ कर भाग गये मौके पर 4 जुवाडियान को 52 पत्ती तास से रूपये का हारजीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेलते पकडे गये जिसका नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम 01.धर्मेन्द्र जांगडे पिता राजकुमार जांगड़े उम्र 33 वर्ष साकिन वार्ड नं. 08 घोघरापरा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम छ्ग 02. अशोक साहू पिता मालिक राम साहू उम्र 45 वर्ष साकिन गोलहा पारा थाना चिल्फी जिला मुंगेली छ.ग. 03. अरूण पिता बिरेन्द्र कुर्रे उम्र 20 वर्ष साकिन वार्ड नं. 08 घोघरापरा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम छ्ग 04. संजय चंद्रवंशी पिता अयोध्या चंद्रवंशी उम्र 34 वर्ष साकिन चार भाठा खुर्द थाना पाण्डातराई जिला कबीरधाम छ.ग.। का रहने वाला बताये उक्त् जुवाडी 01.धर्मेन्द्र जांगडे के फड़ से 5000रू एवं पास से 2000 रूपये 02. अशोक साहू के फड़ से 3500रू एवं पास से 1500 रूपये 03. अरूण कुर्रे के फड़ से 3000रू एवं पास से 1000 रूपये 04. संजय चंद्रवंशी के फड़ से 4000रू एवं पास से 1300 रूपये जुमला नगदी रकम 21,300=00 रूपये, दो बंडल 52 पत्ती तास , नीले रंग का प्लास्टिक तिरपाल जप्त् किया गया आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बोडला क्षेत्रांर्गत अवैध जुआ-सट्टा, शराब पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उक्त् कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरीक्षक व्यासनारायण चुरेन्द्र, प्र.आर.453,420,174,आर.650,383,142,सीएएफ आर.128 का सराहनीय योगदान रहा।

### संकल्प यात्रा शिविर में 1655 लोगो ने शासन की योजनाओं का लाभ लिया

**दुर्ग, 19 दिसंबर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को शहर के नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 शक्ति नगर एवं वार्ड क्रमांक 1 चंद्रशेखर स्कूल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शिविर लगाया गया।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगो को 17 से अधिक योजनाओं से लाभांवित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई है। लोगो ने नि:शुल्क शुगर बीपी जांच की सुविधा का लाभ लिया। साथ ही जरूरतमंदों को डॉक्टरों द्वारा निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।इस दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर,मनीष साहू,चमेली साहू,कुमारी साहू,सहायक नोडल अधिकारी दिनेश नेताम,जावेद अली,दुर्गेश गुप्ता,राजेन्द्र धबाले,विनोद मांझी, मोहित मरकाम,दिनेश देवांगन, ममता देवांगन,रितेश शर्मा,थानसिंह यादव,राजू बक्शी के साथ शिविर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शिविर में लगे योजनाओं के स्टॉल में पहुँचकर अधिकारियों से अपडेड की जानकारी ली। उन्होंने सरकार की योजनाओं को शिविर में आये ।

## गैर संकार्य विभाग के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



भिलाई, 19 दिसंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा कर्म शिरोमणि पुरस्कार क्रम में गैर संकार्य विभाग के कार्मिकों हेतु आयोजन इस्पात भवन में किया गया। जिसमें अगस्त 2023 एवं सितम्बर 2023 के लिए वित्त एवं लेखा विभाग से वरिष्ठ स्टॉफ सहायक (वित्त) धरमवीर बंछोर, सामग्री प्रबंधन से कनिष्ठ स्टोर कीपर उत्तरा कुमार रावटे, नगर सेवायें विभाग से वरिष्ठ तकनीशियन पुरूषोत्तम, ओ सी टी चमारूराम एवं हेल्थ इंसपेक्टर सरत एवं सी एस आर विभाग मे कार्यरत कनिष्ठ स्टॉफ सहायक अंजनी कुमार द्विवेदी को मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र यादव सपकाले, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महा प्रबंधक प्रभारी एन आर शेनॉय एवं महाप्रबंधक आर के भट्टाचार्जी के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक के के यादव, सहायक महाप्रबंधक सुश्री जी एम व्ही पद्मिनी कुमार, सहायक प्रबंधक मिलिंद कुमार बंसोड, वरिष्ठ प्रबंधक एस के मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक आर.के.गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक व्ही.के.भोंडेकर, वरिष्ठ प्रबंधक आर के महाराणा एवं वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री उशा साजी की उपस्थिति रही ।

### बिजपुरिया के निवास कार्यालय में बधाई देने पहुँच रहे कार्यकर्त्ता



**भिलाई, 19 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिजपुरिया के निवास कार्यालय में लगातार कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व एवं ओम माथुर, मनसुख मंडाविया, डॉ रमन सिंह, अजय जमवाल एवं नितिन नबीन एवं छत्तीसगढ़ के सभी कार्यकर्ताओं की अथक प्रयास से ऐतिहासिक जीत को लेकर और उनके नेतृत्व में जो भिलाई जिले ने इतिहास रचा है उसको लेकर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। उसी कड़ी में प्रमुख रूप से जिले के उपाध्यक्ष राम कुमार राणा, रिसाली के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल, सोशल मीडिया सह संयोजक श्वेता यादव, भाजपा भिलाई परस राम साहू, भिलाई तेहसील साहू समाज (उपाध्यक्ष), शिव कुमार जंघेल, जोहन लाल साहू, रविंद्र जगबंधु, सौरभ साहू उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बृजमोहन देर से जागे, पहले विरोध करते तो सड़क बंद नहीं होती:कन्हैया

**रायपुर 19 दिसंबर।** सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने बुढ़ातालाब संपर्क रोड प्रारंभ करवाने विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल की पहल को देर से उठाया कदम बताते हुए कहा कि जब सड़क बंद हुई पूरे प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन विधायक, सांसद ,पार्षदों ने देखा था पर विरोध नही किया जिसका परिणाम सड़क बंद हो गई ,इसे तत्काल प्रारंभ करवाना चाहिए । उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक दोनों स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सदस्य थे परंतु दोनों ने काम को बंद कराने की बजाए मौन रहकर समर्थन दिया था । सड़क बंद किए जाने के विरोध में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट द्वारा न्याय मित्र नियुक्त कर भेजा गया था परंतु न्याय मित्र के सामने विरोध दर्ज कराने भाजपा का कोई विधायक पार्षद नहीं आए। बुढ़ातालाब सड़क में चौपाटी के विरोध में 15 सालों से लगातार विरोध दर्ज कर रहे कन्हैया अग्रवाल सामने आए न्याय मित्र से मिलकर भी विरोध दर्ज कराया, काम प्रारंभ होने वाले दिन भी विरोध किया और सड़क प्रारंभ करने की मांग को लेकर कलेक्टर कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपे । श्री अग्रवाल ने कहा कि बुढातालाब की यह सड़क प्रदेश के बड़े अफसर की जिद की बलि चढ़ गई । अफसर का भय इतना था कि कोरोना की आड़ लेकर विरोधियों पर मामले तक दर्ज किए गए। दानी स्कूल ,डिग्री गर्ल्स कॉलेज, मारवाड़ी मुक्तिधाम, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के लिए यह सड़क अत्यंत उपयोगी और आवश्यक है जिसे बिना कैबिनेट की अनुमति लिए बंद कर दिया गया था । जबकि मास्टर प्लान में स्वीकृत सड़क बंद करने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पास होना अनिवार्य है । सड़क तत्काल प्रारंभ करवाने के साथ ही सड़क बंद करवाने की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए ।

### क्रिसमस स्टोर संग गिफ्ट देने के आनंद का जश्न मनाएं

**रायपुर 19 दिसंबर।** इस क्रिसमस प्रसन्नर रहें और पावर्ड बाई और विशेष रूप से तैयार किए गए अमेजन इन के क्रिसमस स्टोर के संग अपने प्रियजनों के साथ उपहार देने की खुशी शेयर करें। यह स्टोर 25 दिसंबर तक खुला रहेगा और इसमें फेरेरो, सैमसंग, कॉम्फी होम, प्योरबेक, वैन ह्यूसेन, वनप्लस, लैक्मे, केंट, वेरो मोडा, मैडम जैसे लोकप्रिय ब्रांड की विभिन्न कैटेगरी के प्रोडक्ट पर आकर्षक डील और ऑफर उपलब्ध होंगे।

### अमेजन फैशन के विंटर स्टोर के साथ खुद को फैशनेबल बनाएं

**रायपुर 19 दिसंबर।** सर्दी के करीब आते ही जैसे-जैसे पारा गिरता जा रहा है, खुद को गर्म रखने और सुकून हासिल करने की इच्छा भी बढ़ती जा रही है। लेकिन ठंड बढ़ने बावजूद, खुद को फैशनेबल और ट्रेंडी बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। फैशन एवं ब्यूटी से जुड़ी आपकी सभी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए अमेजन फैशन अपने विंटर स्टोर के साथ एक बार फिर आ गया है। इस फैशन स्टोर पर अपैरल, ब्यूटी और सर्दी के मौसम से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के टॉप ब्रांडों को खासतौर पर एक ही स्थान पर पेश किया गया है।

### एक दूसरे से मुलाकात करना राजनीतिक शुचिता का है प्रतीक:अजय चंद्राकर



**अंवरी 19 दिसंबर।** नवनिर्वाचित कुरूद विधायक से मिलने के लिए विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रहे। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के नेता तेजेश्वर कुर्रे कुरूद विधानसभा के अपने विधायक से मिलने रायपुर स्थित बंगला में पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई दी ।इस अवसर पर श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि चुनाव में जीत हार लगी रहती है मत भिन्नता हो सकती है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए कुरूद विधानसभा चुनाव में प्रतिद्वंदी रहे 7 तेजेश्वर कुर्रे का मुलाकात करना। राजनीतिक शुचिता चिता का परिचायक है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि कुरूद की जनता से उन्हें उतना ही लगाव और प्रेम है, जितना मुझे क्षेत्र के विकास के लिए लगाव है। हर संभव समाज व क्षेत्र के विकास में सहायता करेंगे ।आगे चर्चा में कहा, क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं और जो कमियां हैं उसे दूर किया जाएगा।

# बाबा के बताए रास्ते पर चलकर ही समाज एवं राष्ट्र का विकास संभव:मुख्यमंत्री



**रायपुर, 19 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री साय लालपुर धाम में गुरू घासीदास जयंती समारोह में हुए शामिलमंदिर और जैतखाम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना कीगुरू घासीदास जयंती समारोह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज मुंगेली जिले के लालपुर धाम में आयोजित गुरू घासीदास जयंती एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां बाबा गुरू घासीदास मंदिर एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए बाबा का आशीर्वाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री श्री साय का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पंथी नर्तक दल द्वारा पंथी नृत्य के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया। वहीं सतनामी कल्याण समिति बंधवा लालपुर के पदाधिकारीगण और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बाबा के बताये सत्य के रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार हमारे पुरखों और महापुरूषों के खुशहाल छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करेगी। उन्होंने गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास का संदेश आज के संदर्भ में और भी ज्यादा प्रासंगिक है। बाबा ने उस समय के समाज में प्रचलित ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया। मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद से नहीं बल्कि सामाजिक समरसता से ही समाज एवं देश का विकास होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार जयंती समारोह में शामिल होने का मौका मिला है। बाबा घासीदास का जन्म 18वीं सदी में छत्तीसगढ़ की धरती में हुआ था।

# बैठक में श्री राम मंदिर स्थापना गृह संपर्क अभियान की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 दिसंबर।** 17 दिसंबर, दिन-रविवार को पेंड्री अटल आवास बस्ती वार्ड नंबर 21 सामुदायिक भवन में श्री राम मंदिर स्थापना गृह संपर्क अभियान की बैठक संपन्न हुई, जिसमें प्रमुख रूप से सह-संयोजक कमल सोनी उपस्थित थे।



सह-संयोजक कमल सोनी ने कहा कि 22 जनवरी भव्य राम मंदिर का स्थापना होने वाली है। हम सबके लिए बहुत सौभाग्य की बात है। कि 500 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। राम मंदिर निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति ने अपना अंशदान दिया है। अयोध्या राम मंदिर से आमंत्रित किया हुआ अक्षत चावल और आमंत्रण पत्र साथ में राम जी की फोटो प्रत्येक परिवार में पहुंचाना है। यह अभियान 15 जनवरी तक पूर्ण करना है उस दिन दीपावली मनाना है। प्रत्येक घर में 11 दिए जलाना तोरण सजाना, रंगोली बनाना और पटाखे फोड़ना है।

श्री सोनी ने आगे कहा कि एक 21 दिसंबर को मातृशक्ति द्वारा श्री राम मंदिर से आए आमंत्रित 108 अक्षत कलश यात्रा महावीर चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर दोपहर 2 बजे से निकाली जाएगी। प्रत्येक बस्ती से मातृ शक्तियों की सहभागिता निश्चित हो बैठक में बस्ती टोली का गठन किया गया, जिसमें संयोजक अंजु सिंह राजपूत, सहसंयोजक पुरुषोत्तम साहू, सहसंयोजक वेदिका कौशिक, रजनी निषाद, गोपी निषाद, पिंकी ब्राह्मणकर, प्रेम कांत पांडे, सदस्यगण में भारती बंजारे, बेदू साहू, पुष्पा जांगडे, मीना सारथी, कुलेश्वरी साहू, सौम्या संतवाणी, सुखविंदर कौर, रेवती सेन, आशा मानिकपुरी, माया सतवानी, मंगली यादव, रामशिला यादव, धन भाई साहू, पाली विश्वास, सुकून देवांगन, पवन कुमार सिंह, जीतू संतवाणी, जय माता दी, चंद्रशेखर राजपूत, दयालु राम साहू, सागर संतवाणी, प्रेमकांत पांडे, कुलेश्वरी साहू, बिसरी निषाद, रेवती सेन, भारतीय बंजारे, सीमा, कचरा, भारती चौहान, मंगलीन यादव, हीरो साहू, उर्मिला, सविता गुप्ता, रामशिला यादव, रजनी निषाद, अंजू धन बाई, आशा आदि शामिल हैं। बैठक में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट में रायपुर सेमी फाइनल में

**रायपुर 19 दिसंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आयोजित विप्र ट्रॉफी राज्य स्तरीय इंटर सेक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला मैच रायगढ़ और राजनादगांव के बीच खेला गया। रायगढ़ ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 214 रन बनाएं। मोहसिन ने 40 गेंद में 57 रन और चिराग ने 22 गेंद में 47 रन बनाए। जवाब में राजनांदगांव की टीम 132 रन में ऑल आउट हो गई। रायगढ़ के सचिन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 18 देकर 5 विकेट लिए ।आशीष ने चार ओवर में 29 रन लेकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायगढ़ की टीम ने 83 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए दूसरा मैच रायपुर और बलौदा बाजार के बीच खेला गया। जिसमें रायपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 213 रन बनाएं। मुदित ने 49 गेंद में 79 रन बनाएं। बलौदा बाजार के भावेश ने चार ओवर में 35 रन देखकर 3 विकेट लिए ।जवाब में बलौदा बाजार की टीम 94 रन में आलआउट हो गई ।एकमात्र ओंकार ने 35 गेंद में 66 रन बनाकर रायपुर के गेंदबाजों का सामना किया। अभिजीत ने तीन ओवर में 10 रन देखकर चार विकेट लिए। पोरस ने एक ओवर में दो रन देकर 3 विकेट लिए। इस प्रकार रायपुर ने 119 रन से बड़ी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया आज खेले गए मैच से पहले उच्च शिक्षा विभाग के पर्यवेक्षक विकास शाहा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं।



# शहीद ले.अरविन्द दीक्षित का शहादत दिवस 20 दिसंबर को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 दिसंबर ।** शहीद ले. अरविन्द शंकर दीक्षित का शहादत दिवस 20 दिसंबर 2023, बुधवार को अपरान्ह 03.00 बजे कस्तूरबा महिला मंडल के हॉल में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन कान्यकुब्ज सभा एवं केडेट क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है ।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम अपरान्ह सवा तीन बजे कस्तूरबा महिला मण्डल भवन में आयोजित किया जायेगा। सर्वप्रथम राष्ट्रगान होगा, तत्पश्चात शहीद ले. अरविंद शंकर दीक्षित के तैलचित्रा पर पुष्पचक्र अर्पित किया जायेगा साथ ही रिजर्व पुलिस लाईन की सलामी गारद द्वारा सशस्त्रा सलामी दी जायेगी।



कार्यक्रम में 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट के अधिकारी, जिला पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण, 38 वीं छत्तीसगढ़ एन. सी. सी. बटालियन के अधिकारीगण, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सीनियर एवं जूनियर डिवीजन तथा नेवल विंग के एन.सी.सी. केडेट्स, स्काउट गाईड, भूतपूर्व सैनिकगण, संस्कार श्रद्धांजलि के सदस्यगण, तथा गणमान्य नागरिकगण श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रार्थना सभा, जीवन परिचय एवं अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात सेना व पुलिस के शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान ले.अरविन्द शंकर दीक्षित ने 105 इंजीनियर्स रेजीमेंट का प्रतिनिधित्व करते हुए जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में मातृभूमि की रक्षा करते हुए 20 दिसंबर 1971 को वीरगति प्राप्त की थी । उनके शहादत दिवस पर विगत 25 वर्षों से यह अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

कान्यकुब्ज सभा के सचिव अजय शुक्ला एवं महिला शाखा की सचिव श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला तथा केडेट क्लब के अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी ने सभी सदस्यों एवं नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम भानपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 दिसम्बर।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भानपुरी पहुंची। पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा अभियान का उद्देश्य हर ग्राम पंचायत में पहुंचकर केन्द्र शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि हितग्राही यहां केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन देंगे तथा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। आवेदन करने के पश्चात् पात्र हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह केन्द्र शासन की योजनाओं के प्रति आम जनता में जागरूकता लायी जाएगी। जिले में 407 ग्राम पंचायत में यह यात्रा पहुंचेगी। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में नन्हे बच्चों के लिए कलेक्टर द्वारा स्मार्ट टीवी लगवाने की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से एक अच्छी सोच के साथ अच्छी पहल की गई है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया।



कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कहा कि ग्रामवासियों को केन्द्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यापक तौर पर सबकी सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि आम जनता तक केन्द्र शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए यहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाएं गए हैं। जहां शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ले सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे हितग्राही जिन्हें अभी तक केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे भी इस अभियान से लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण, सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण किट, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत सुपोषण किट प्रदान किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए स्मार्ट टीवी का वितरण किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। एकलव्य विद्यालय के बच्चों द्वारा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए मोहक नाट्य प्रस्तुति दी गई तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया एवं आदिवासी संस्कृति पर आधारित रिलो-रिलो... नृत्य की प्रस्तुति दी गई। क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे के मार्गदर्शन में खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

## वक्ता मंच ने 21 नवोदित रचनाकारों का सम्मान किया



**रायपुर 19 दिसंबर।** अग्रणी सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच ने आज राजधानी के वृंदावन सभागृह में संपन्न एक भव्य समारोह में ग्रामीण पृष्ठभूमि से आये 21 नवोदित रचनाकारों को सम्मानित किया द्य इस अवसर पर एक सरस काव्य गोष्ठी भी संपन्न हुई जिसमें 50 से अधिक नवोदित व स्थापित दोनों धाराओं के कवियों ने काव्य पाठ किया द्य आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माणिक विश्वकर्मा नवरंग थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी छत्रसिंह बच्छावत ने की द्य विशेष अतिथि के रूप में मोहित शर्मा एवं वीर अजीत शर्मा उपस्थित थे द्य कार्यक्रम का प्रभावी संचालन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते एवं कुशल संयोजन मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा किया गया द्य आज सम्मानित होनेवाले नवोदित रचनाकारों में हेमंत कुमार मढ़रिया (पंडहोर) , ललित कुमार बिजौरा ( देमार), निखिल चतुर्वेदी (औरी), खिलावन सिंग चोपडिया (असोगा), जैनेंद्र कुमार गंजीर (असोगा), महेश कुमार वर्मा (धमधा), बिसरुराम कुर्रे ( पाहंदा), स्मृति दुबे ( रायपुर), वीरेंद्र कुमार साहू ( खुडमुडी ), रोहित कुमार साहू (झीट), हरीश कुमार साहू (उरला), समीर शर्मा (औरी), कृष्ण कुमार शर्मा (झींट), मिथिला जायसवाल (जिल्दा), अंकेश कुमार महिपाल (केसरा), नागेश कश्यप (मुंगेली), धर्मेंद्र कुमार श्रवण (बालोद), सावित्री साहू (खुडमुड़ी), डॉ दिव्या देशमुख (डौंडीलोहारा), पुष्पा वर्मा (रायपुर) एवं मुकेश कुमार सोनकर(रायपुर) शामिल है द्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि रचनाकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सही दिशा प्रदान करने का कार्य करते आया है द्य नई पीढी के रचनाकारों को भी इस मिशन को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर अध्ययन के साथ अपने लेखन की धार को पैनी करते रहने चाहिए द्य कार्यक्रम के दौरान ओम शक्ति सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा विगत 11 अगस्त को संपन्न वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन मे योगदान प्रदान करने हेतु वक्ता मंच को सम्मानित किया गया द्य इसके अलावा बढती ठंड मे गरीबो व जरूरतमंदो हेतु वक्ता मंच द्वारा जारी गर्म कपड़ों के वितरण हेतु अनेक प्रबुद्धजनों ने वस्त्र व राशि के रूप में सहयोग प्रदान किया द्य आज इस अवसर पर ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, हेमलाल पटेल, राजू छत्तिसगढिया, हरिशंकर सोनी, नूपुर साहू, कमल सूर्यवंशी, नवेद रजा दुर्गवी, राम बरन कोरी, देव मानिकपुरी, डॉ कमल वर्मा, मुकेश कुमार सोनकर, संजय देवांगन, राजेंद्र रायपुरी, उत्तम देवहरे, पुरुषोत्तम पटेल, पुष्पा वर्मा, सुकृति तांडी, मो हुसैन, सुल्तान शायर, डॉ दिव्या देशमुख, रघुनाथ देशमुख, तपन चक्रवर्ती, अमृतान्शु शुक्ला, वीरेंद्र कुमार साहू, ईश्वर साहू बंधी, डॉ उदयभान सिंग चौहान, जितेंद्र कुमार वर्मा वैद्य, मिनेश कुमार साहू, राहुल साहू, मन्नूलाल यदु, यशवंत यदु यश, डॉ भारती अग्रवाल, सुजाता चक्रवर्ती, खुशबू सोरी, मोहन श्रीवास्तव एवं शोभा मोहन श्रीवास्तव सहित प्रदेश भर से आये कवियों ने काव्य पाठ किया द्य कार्यक्रम के अंत मे वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी कि मंच द्वारा हिंदी भाषा के साँझा काव्य संकलन काव्य माणिक्य का प्रकाशन कार्य प्रगति पर है द्य इसके प्रथम अंक में देश भर के 61 कवियों की रचनाएँ सम्मिलित की गई है तथा नये वर्ष में इसका विमोचन किया जायेगा द्य वक्ता मंच के संयोजक शुभम साहू द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## बाबा गुरु घासीदास के उपदेशों को आत्मसात करें: भोलाराम साहू



**छुरिया 19 दिसंबर।** 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ग्राम पुर्रामटोला,चिरचारी खुर्द पहुंचकरगुरु बाबा के छायाचित्र एवं जैतखाम में हार फूल माला चढाकर नमन करते हुए उनके उपदेशों को याद किया।विधायक भोलाराम साहू ने संदेश वाहक गुरु बाबा घासीदास जयंती पर नमन किया उन्होंने कहा कि मनखे मनखे एक समान के प्रेरक वाक्य के साथ सभी मनुष्यों को एक समान देखने का संदेश देने वाले सतनाम पंथ के प्रवर्तक एवं सत्य, अहिंसा और सामाजिक समरसता के संदेशसामाजिक समरसता के संदेशवाहक गुरु बाबा घासीदास जी की जयंती पर उनके चरणों में शत शत नमन किया एवं सभी ग्राम, क्षेत्रवासियों जिलेवासियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती के अवसर पर उनके दिए गए संदेशों को आत्मसात करने का संकल्प करें। विधायक श्री साहू ने आगे कहा कि उंच नीच का भेद समाप्त कर सभी से प्रेम तथा भाईचारे का संबंध स्थापित करने की सीख देने वाले बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को युग युगांतर तक मनुष्यों का मार्गदर्शन करते रहेगे,श्री साहू ने आगे कहा कि बाबा गुरू घासी दास जी ने लोगों को सत्य की राह पर चलने के लिए संदेश दिया और सामाजिक विषमता शोषण जातिवाद के अत्याचार को समाप्त किया ।

### कबड्डी प्रतियोगिता में आये खिलाड़ियों को किया आवश्यक सामग्री का वितरण

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना बोरतलाव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम, श्रीमान रक्षित निरीक्षक महोदय अरविन्द साहू के मार्गदर्शन दिनांक 18.12.2023 को अति नक्सल संवेदनशील थाना बोरतलाव में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान भुरसाटोला, द्वितीय पीटेपानी, तृतीय सोरीटोला, चतुर्थ अण्डी आया विजेता टीमों को सील्ड एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थिति ग्राम बोरतलाव, सोरीटोला, कौहापानी, पनियाजोव, भेलवाटोला, दमऊदहरा, बरनाराकला, भूरसाटोला, पीटेपानी, डुमरटोला, अण्डी, मांगीखुटा, बागरेकसा, ठाकुरटोला, पिपरखारकला, कोटनापानी, गांधीनगर के कबड्डी खिलाडियों को आवश्यक जर्सी एवं सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आये ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों से मिलकर उनका हालचाल जानने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति एवं पुर्नवास योजना के लाभ एवं छत्तीसगढ़ शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं उनसे मिलने वाले लाभ के संबंध में ग्रामीणों व कबड्डी खिलाड़ियों को बताया गया। पुलिस द्वारा कराये जा रहे इस कार्यक्रम से आम जनता को पुलिस से जोड़ना एवं मधुर संबंध बनाने का प्रयास रहा है। यह देखने में आया है कि वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणजन पुलिस से दूरियां बनाये रखते हैं, उनमें झिझक बना रहता है, इसी दूरी को मिटाने हेतु सामुदायिक पुलिसिंग योजना के तहत समय समय पर खेल का आयोजन कर ग्रामीणों में अपनेपन का भाव पैदा किया जा रहा है। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में लगभग 300 ग्रामीण व कबड्डी खिलाड़ी शामिल हुये। कार्यक्रम में श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय आशीष कुंजाम, श्रीमान रक्षित निरीक्षक महोदय अरविन्द साहू, श्रीमान असिस्टेंट कमाडेंट आईटीबीपी विजेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी श्री संतोष कुमार ठाकुर एवं अन्य थाना स्टाफ व आईटीबीपी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



संपादकीय

# कांग्रेस इतनी गरीब कैसे हो गई

लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने देश भर में आनलाइन चंदा जुटाने एक अभियान चलाने का फैसला किया है तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कांग्रेस के देश भर से चंदा जुटाने की जरूरत क्यों पड़ी। क्या कांग्रेस इतनी गरीब पार्टी हो गई है कि उसके पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं है। कहने को यह अभियान कांग्रेस के 138 वर्ष पूरे होने पर चलाया जाएगा। 28 दिसंबर को कांग्रेस का स्थापना दिवस है, इससे पहले 18 दिसंबर से 28 दिसंबर तक यह डोनेट फार देश अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर नागपुर में बड़ा आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के दौरान 18 साल से ऊपर का कोई भी व्यक्ति कांग्रेस को 138,1338,138000 रुपए चंदा दे सकता है। इस अभियान का मकसद लोगों को पार्टी से जोड़ना है, साथ ही देश भर के पार्टी पदाधिकारियों से न्यूनतम 1380 रुपए लेना है। यानी कांग्रेस इस अभियान के तहत पार्टी के साथ ही देश के लोगों से भी चंदा लेना चाहती है। इसकी जरूरत क्यों पड़ी। इसकी वजह है कि कांग्रेस का राज्यों का चुनाव निरंतर हारते जाना है। आज कांग्रेस उत्तर भारत के हिमाचल को छोड़कर कहीं भी सत्ता में नहीं है। उसके पास राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सरकर थी तो इस बार वह दोनों राज्यों में बुरी तरह हार गई। अब उसके पास तीन राज्य हैं। दो दक्षिण में है तथा एक हिमाचल है। इसके लिए कांग्रेस का नेतृत्व से लेकर उसके राज्य के बड़े नेता दोषी हैं। वह किसी राज्य में जनता का भरोसा एक बार जीत पाते हैं तो दोबारा नहीं जीत पाते हैं। छत्तीसगढ़ व राजस्थान में पिछली बार कांग्रेस ने सरकार बनाई थी, पांच साल में ही कांग्रेस वहां से कुशासन व भ्रष्टाचार के कारण सत्ता से बाहर हो गई। जब पार्टी की सत्ता राज्यों में नहीं रहती है तो पार्टी चलाने के लिए फंड जुटाना मुश्किल हो जाता है। पार्टी केंद्र व राज्य की सत्ता में नहीं रहती है तो पार्टी को चंदा भी कम मिलता है, वह इतना कम होता है कि उससे पार्टी चलाना व चुनाव लड़ना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिलता है क्योंकि उसकी सरकार केंद्र में है तथा ज्यादातर राज्यों में है। यह स्वाभाविक भी है कि जो सत्ता में रहता है, उसे ही सबसे ज्यादा चंदा व्यापारिक घरानों से मिलता है। जब कांग्रेस की सत्ता केंद्र व राज्यों में ज्यादातर राज्यों में थी तो उसे देश में सबसे ज्याद चंदा मिलता था। आज वह सत्ता में नहीं है तो उसे चंदा कम मिलता है। वह देश की सबसे बड़ी व पुरानी पार्टी है। आज कांग्रेस के पास पैसा नही है तो उसके लिए कांग्रेस पार्टी व उसके नेता खुद दोषी है। कौन नहीं जानता है कि देश में कांग्रेस सत्ता में सबसे ज्यादा समय रही है। जब वह सत्ता में थी तो उसने सोचा नहीं कि पार्टी को कैसे अमीर बनाया जाए ताकि भविष्य में पार्टी चलाने व चुनाव लड़ने के लिए पैसों की कमी न हो। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान कांग्रेस के नेता अमीर हुए। लेकिन किसी ने पार्टी को अमीर बनाने के लिए सोचा नहीं । यही वजह है कि कांग्रेस नेताओं के अमीर होने का बाद भी पार्टी आज गरीब हो गई है। उसे कार्यकर्ताओं व जनता से चंदा एकत्र करने अभियान चलाना पड़ रहा है। कांग्रस व भाजपा के नेताओं में यही फर्क है कि भाजपा के नेताओं ने सबसे पहले पार्टी को अमीर कैसे बनाया जा सकता है, यह सोचा।यही वजह है कि आज देश भर में भाजपा के कार्यालय हैं. पार्टी फंड में पैसे की कमी नहीं है। भाजपा नेता सबसे पहले पार्टी के विषय में सोचे इसलिए आज भाजपा पार्टी के रूप में अमीर है। भाजपा के पास देश भर में संपत्ति है। उसे चुनाव लड़ने के लिए आने वाले समय पैसे की कोई कमी नही होगी। भाजपा नेता भले ही गरीब होंगे लेकिन भाजपा के अमीर होने के कारण उन्हें चुनाव लड़ने व पार्टी चलाने के लिए पैसों की कमी तो अगल कई साल नहीं होने वाली है। कांग्रेस नेता अमीर होने के कारण चुनाव तो लड़ सकते हैं लेकिन पार्टी पास पैसे नहीं होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए पैसों की कमी हो सकती है। भाजपा कांग्रेस का यह फर्क गौर करने लायक है कि कांग्रेस पार्टी के तौर पर गरीब है, पर उसके नेता अमीर हैं। भाजपा पार्टी के तौर पर अमीर है लेकिन उसके नेता गरीब है। यह फर्क इसलिए है कि कांग्रेस नेता खुद के बारे में सोचते है और भजापा नेता पार्टी के बारे में सोचते हैं। पार्टी के नेता जैसा सोचते हैं, पार्टी वैसी हो जाती।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। आज आपके वैवाहिक जीवन में ढेरों खुशियाँ आएँगी। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इंजीनियर्स आज किसी नए प्रोजेक्ट के लिए काम शुरू करेंगे। आज आप कोई मशीनरी उपकरण खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेम भाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा। आर्ट्स के छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नयी कलाकृति दोस्तों को पसंद आयेगी। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठीक रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जियेगें। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आपको आखिरकार छुटकारा मिल जाएगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यो के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। जो छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है, उनके सफलता के योग बने हुये है। माता-पिता के द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों को उठाने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला जुला प्रभाव दिखाएगा। सोने चांदी के व्यापारियों को अधिकतम लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आपकी रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त रहने वाला है। आज रुपए के लेन देन में सावधानी वरतनी चाहिए। बिसनेस मैन की कोई डील आज फाइनल होगी, जिससे आपको अधिक धन लाभ होगा। आज नए क्लाइंट्स के साथ मीटिंग करेंगे। अविवाहितों के चल रहे रिश्ते की बात जल्द पक्की होगी। बच्चे आज घर पर ही खेल कूद में समय बितायेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को उन्नति हासिल होगी। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं। बुजुर्गो का धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। आज शाम में किसी आयोजन में जायेंगे। लवमेट आज एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। आज आपकी डांस में रूचि बढ़ेगी, साथ ही किसी कम्पटीशन में हिस्सा ले सकते हैं। प्रॉपर्टी का काम करने वाले लोगों के लिए आज का दिन लाभप्रद है।

**तुला राशिः**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर पार्टी करने का प्लान बनायेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोंच समझकर कोई भी फैसला लेना चाहिए। आज आप कोई नया सामान खरीदने का मन बना सकते हैं। आज संतान पक्ष से आपको शुभ समाचार मिलेगा। बच्चे आज माता पिता के लिए कुछ स्पेशल करेंगे। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। व्यापार में थोडा बदलाव लायेंगे, इससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। किसी जानकार से बात करने के बाद ही कोई नया काम हाथ में लें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन लाभदायक साबित होगा। आज नया ऑफिस ज्वाइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा। डॉक्टर्स आज अपने सीनियर से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य के लिहाज से आप खुद को चैतन्न महसूस करेंगे। किसी को कोई बात समझाने के मामले में लोगों पर आपकी बातों का प्रभाव पड़ेगा। छात्र आज ऑनलाइन कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोई काम आपको सोंच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। यात्रा का प्लान बना रहे हैं, तो यात्रा सफल रहेगी। इस राशि के विद्यार्थी आज अपनी पढ़ाई में लापरवाही करने से बचे। आँख सम्बंधित समस्या के लिए डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। आप सही योजना के साथ अपने करियर में बदलाव लाएंगे, इस सिलसिले में थोड़ी भागदौड़ होगी । कार्यों में बेमतलब की जल्दबाजी से दूर रहें तो बेहतर होगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने मे सफलता मिलेगी। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यो को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेज गति से आगे बढ़ेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। किसी बड़ी कंपनी के साथ आपकी डील फिक्स होने की भी सम्भावना है।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। आज किसी मेहमान के आने से उनके सत्कार की तैयारियों में व्यस्त रहेंगे । लवमेट के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जायेगी, रिश्ते में नयापन लाने के लिये एक दूसरे को उपहार देंगे। गणित के छात्र आज किसी सवाल में उलझ सकते हैं। पढ़ाई में बड़े भाई की सहायता लेंगे। आज आपको आय के नए साधन मिलेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी । इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। ऑफिस में अपना रिकॉर्ड अच्छा बनाये रखें।

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम

विश्लेषण

ललित गर्ग



विविधता में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नए रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है।

2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।



संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, ÷संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है।÷ अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भीखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है।

देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है।

भारत की संस्कृति एवं दर्शन मानव एकता से प्रेरित रहा है, उसके अनुसार सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। विश्व मानव एकता दिवस दुनिया भर में मानवीय जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करने की मांग करता है और इन जरूरतों को पूरा करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व की आवश्यकता को व्यक्त करता है। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं। वे सभी संस्कृतियों, विचारधाराओं और पृष्ठभूमि को प्रतिबिंबित करते हैं और मानवतावाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से वे एकजुट हो जाते हैं। इस तरह की मानवतावादी सहायता मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता और स्वतंत्रता सहित कई संस्थापक सिद्धांतों पर आधारित है। मार्टिन लूथर किंग ने इसकी उपयोगिता को उजागर करते हुए कहा कि यह प्यार और स्नेह है, जो हमारी दुनिया और हमारी सभ्यता को बचाएगा।' आज अनुभव किया जा रहा है कि देश एवं दुनिया विकृतियों की शूली पर चढ़ा है। नैतिक मूल्यों के आधार पर ही मनुष्य उच्चता का अनुभव कर सकता है और मानवीय प्रकाश पा सकता है। मानव एकता का प्रकाश सार्वकालिक, सार्वदेशिक, और सार्वजनिक है। इस प्रकाश का जितनी व्यापकता से विस्तार होगा, मानव समाज का उतना ही भला होगा। इसके लिए तात्कालिक और बहुकालिक योजनाओं का निर्माण कर उनकी क्रियान्विति से प्रतिबद्ध रहना जरूरी है। यही विश्व मानव एकता दिवस मनाने को सार्थक बना सकता है।

# क्रांतिकारी आंदोलन में अशफाक का उल्लेखनीय योगदान

संस्मरण

सुधीर विद्यार्थी

जेल के भीतर बिखरे पन्नों पर लिखी इसी इबारत में अपने साथ ही फाँसी की सजा पाने वाले क्रान्तिकारी अशफ़ाक़उल्ला खां के बारे में बिस्मिल ने जो कहा वह इस आत्मकथा का सर्वोत्तम हिस्सा है, जिसे आज के साम्प्रदायिक माहौल में बार-बार पढ़ा जाना हमारे लिए बेहद जरूरी है। वे लिखते हैं –

मुझे भली-भांति याद है, जब कि मैं बादशाही एलान के बाद शाहजहांपुर आया था, तो तुमसे स्कूल में भेंट हुई थी। तुम्हारी मुझसे मिलने की बड़ी हार्दिक इच्छा थी। तुमने मुझसे मैनपुरी षड्यंत्र के सम्बन्ध में कुछ बातचीत करनी चाही थी। मैंने यह समझकर कि एक स्कूल का मुसलमान विद्यार्थी मुझसे इस प्रकार की बातचीत क्यों करता है, तुम्हारी बातों का उत्तर उपेक्षा की दृष्टि से दे दिया था। तुम्हें उस समय बड़ा खेद हुआ था। तुम्हारे मुख से हार्दिक भावों का प्रकाश हो रहा था। तुमने अपने इरादे को यों ही नहीं छोड़ दिया, अपने निश्चय पर डटे रहे। जिस प्रकार हो सका कॉग्रेस में बातचीत की। अपने इष्ट-मित्रों द्वारा इस बात का विश्वास दिलाने की कोशिश की कि तुम बनावटी आदमी नहीं, तुम्हारे दिल में मुल्क की खिदमत करने की ख़्वाहिश थी। अन्त में तुम्हारी विजय हुई। तुम्हारी कोशिशों ने मेरे दिल में जगह पैदा कर ली। तुम्हारे बड़े भाई मेरे उर्दू मिडिल के सहपाठी तथा मित्र थे, यह जानकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई। थोड़े दिनों में ही तुम मेरे छोटे भाई के समान हो गए थे, किन्तु छोटे भाई बनकर तुम्हें सन्तोष न हुआ। तुम समानता का अधिकार चाहते थे, तुम मित्र की श्रेणी में अपनी गणना चाहते थे। वही हुआ। तुम सच्चे मित्र बन गए। सबको आश्चर्य था कि एक कट्टर आर्य-समाजी और मुसलमान का मेल कैसा ? मैं मुसलमानों की शुद्धि करता था। आर्य-समाज मन्दिर में मेरा निवास था, किन्तु तुम इन बातों की किंचितमात्र चिन्ता न करते थे। मेरे कुछ साथी तुम्हें मुसलमान होने के कारण घृणा की दृष्टि से देखते थे, किन्तु तुम अपने निश्चय में दृढ़ थे। मेरे पास आर्य-समाज मन्दिर में आते-जाते थे। हिन्दू-मुस्लिम झगड़ा होने पर, तुम्हारे मुहल्ले के सब कोई तुम्हें खुल्लमखुल्ला गालियाँ देते थे, काफ़िर के नाम से पुकारते थे, पर तुम कभी भी उनके विचारों से सहमत न हुए। सदैव हिन्दू-मुस्लिम ऐक्य के पक्षपाती रहे। तुम एक सच्चे मुसलमान तथा सच्चे स्वदेश-भक्त थे। तुम्हें यदि जीवन में कोई विचार था, तो यही कि मुसलमानों को ख़ुदा अक्ल देता, कि वे हिन्दुओं के साथ मिलकर के हिन्दुस्तान की भलाई करते। जब मैं हिन्दी में कोई लेख या पुस्तक लिखता तो तुम सदैव वही अनुरोध करते कि उर्दू में क्यों नहीं लिखते, जो मुसलमान भी पढ़ सकें ? तुमने स्वदेशभक्ति के भावों को भली-भांति समझने के लिए ही हिन्दी का अच्छा अध्ययन किया। अपने घर पर जब माता जी तथा भ्राता जी से बातचीत करते थे, तो तुम्हारे मुँह से हिन्दी शब्द निकल जाते थे, जिससे सबको बड़ा आश्चर्य होता था।

तुम्हारा हृदय तो किसी प्रकार अशुद्ध न था, फिर तुम शुद्धि किस वस्तु की कराते ?

इसी क्रम में बिस्मिल आगे कहते हैं, तुम्हारी इस प्रकार की प्रवृत्ति को देखकर बहुतों को सन्देह होता था कि कहीं इस्लाम-धर्म त्याग कर शुद्धि न करे लो। पर तुम्हारा हृदय तो किसी प्रकार अशुद्ध न था, फिर तुम शुद्धि किस वस्तु की कराते ? तुम्हारी इस प्रकार की प्रगति ने मेरे हृदय पर पूर्ण विजय पा ली। बहुधा मित्र मण्डली में बात छिड़ती कि कहीं मुसलमान पर विश्वास करके धोखा न खाना। तुम्हारी जीत हुई, मुझमें तुममें कोई भेद न था। बहुधा मैंने तुमने एक थाली में भोजन किए। मेरे हृदय से यह विचार ही जाता रहा कि हिन्दू-मुसलमान में कोई भेद है। तुम मुझ पर अटल विश्वास तथा अगाध प्रीति रखते थे। हाँ! तुम मेरा नाम लेकर पुकार नहीं सकते थे। तुम तो सदैव राम कहा करते थे। एक समय जब तुम्हारे हृदय-कम्प का दौरा हुआ, तुम अचेत थे, तुम्हारे मुँह में बारम्बार राम हाय राम शब्द नुकल रहे थे। उसी समय किसी मित्र का आगमन हुआ, जो राम के भेद को जानते थे। तुरन्त मैं बुलाया गया।

अन्त में इस प्रेम, प्रीति तथा मित्रता का परिणाम क्या हुआ ? मेरे विचारों के रंग में तुम भी रंग गए। तुम भी कट्टर क्रांतिकारी बन गए। अब तो तुम्हारा दिन-रात प्रयत्न यही था कि किस प्रकार हो मुसलमान नवयुवकों में भी क्रांतिकारी भावों का प्रवेश हो। वे भी क्रांतिकारी आंदोलन में योग दें। जितने तुम्हारे बन्धु तथा मित्र थे सब पर तुमने अपने विचारों का प्रभाव डालने का प्रयत्न किया। बहुधा क्रांतिकारी सदस्यों को भी बड़ा आश्चर्य होता कि मैंने कैसे एक मुसलमान को क्रांतिकारी दल का प्रतिष्ठित सदस्य बना लिया। मेरे साथ तुमने जो कार्य किये, व सराहनीय हैं।

मुझे यदि शान्ति है तो यही कि तुमने संसार में मेरा मुख उज्ज्वल कर दिया। भारत के इतिहास में यह घटना उल्लेखनीय हो गई कि अशफ़ाक़उल्ला ने क्रान्तिकारी आंदोलन में योग दिया। अपने भाई-बन्धु तथा सम्बन्धियों के समझाने पर कुछ भी ध्यान न दिया। गिरफ्तार हो जाने पर भी अपने विचारों में दृढ़ रहे! जैसे तुम शारीरिक बलशाली थे, वैसे ही मानसिक वीर तथा आत्मा से उच्च सिद्ध हुए। इन सबके परिणामस्वरूप अदालत में तुमको मेरा सहकारी (लेफ्टिनेंट) ठहराया गया, और जज ने मुकदमे का फ़ैसला लिखते समय तुम्हारे गले में जयमाला (फाँसी की रस्सी) पहना दी। प्यारे भाई, तुम्हें यह समझ कर सन्तोष होगा कि जिसने अपने माता-पिता की धन-सम्पत्ति को देश-सेवा में अर्पण कर उन्हें भिखारी बना दिया, जिसने अपने सहोदर के भावी भाग्य को भी देश-सेवा की भेंट कर दिया, जिसने अपना तन-मन-धन सर्वस्व मातृ-सेवा में अर्पण करके अपना अन्तिम बलिदान भी दे दिया, उसने अपने प्रिय सखा अशफ़ाक़ को भी उसी मातृ-भूमि की भेंट चढ़ा दिया।

असग़र हरीम-ए-इश्क़ में हस्ती ही जुर्म है,
रखना कभी न पाँव यहाँ सर लिए हुए।

काकोरी केस में रामप्रसाद बिस्मिल को 19 दिसम्बर, 1927 के दिन गोरखपुर, अशफ़ाक़उल्ला फैज़ाबाद तथा रोशनसिंह को मलाका (इलाहाबाद) जेल में फाँसी पर लटकाया गया, जबकि राजेन्द्र लाहिड़ी दो दिन पहले ही 17 दिसम्बर को गोंडा जेल में फाँसी पर झुला दिए गए। शेष क्रांतिकारियों को लम्बी-लम्बी कैद की सजाएं मिलीं। मन्मथनाथ गुप्त को 14 वर्ष की सजा मिली जिसे सरकार की अपील पर भी यह कहकर फाँसी में तब्दील नहीं किया गया कि उनकी उम्र कम है। वे तब 19 साल के थे।

# उसे क्या लूटोगे

व्यंग्य

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'



धर्मस्व विभाग में चपरासी से अधिकारी का लांगकट सफर शार्टकट में तय करने वाले धर्मराज जी किसी फाइल में ध्यान धरे बैठे थे। दो लाख रुपए की बेशकीमती साड़ी पहने और बदन पर गहने की शोरूम खोले पत्नी बोल उठी - 'सुनते हो बिटिया और मैं खरीददारी के लिए बाहर जा रहे हैं। हाथ में फुटकर पैसे ही हैं। लगता है कम पड़ेंगे।' 'क्या दस भी बस नहीं होगें।' धर्मराज चौंकते हुए बोले। 'कमाल करते हैं आप। ऐसे कह रहे हैं जैसे आपने खर्च के लिए दस करोड़ दिए हैं। दस लाख ही तो हैं। इतना भला कैसे बस होगा?' 'अरे भाग्यवान अब ऑफिस का समय हो रहा है। अभी अरेंज करना मुश्किल है।' अपनी मजबूरी बताते हुए साहब घड़ी की ओर देखने लगे। 'भगवान का तो दिया हुआ है। देने में क्या तकलीफ है?' कहते हुए पत्नी हँस पड़ी। 'अरे धीरे बोलो। चालक कहीं सुन न ले।' मुँह पर अंगुली रखते हुए साहब ने कहा। 'आप को क्या लगता है कि चालक को कुछ नहीं पता। वह सब जानता है। बस मासूम होने का ढोंग करता है।' इतना कहते हुए पत्नी मुस्कुराने लगी। 'ठीक है। तुम लोग जाओ। कम पड़े तो फोन कर देना।' कहते हुए साहब फिर से फाइल में सिर खपाने लगे। पत्नी और बेटी खरीददारी के लिए निकलते तभी पाँच लोग जबरन भीतर घुस आए। साहब कुछ कहते उन लोगों ने अपना परिचय 'एसीबी' कहकर दिया। साहब की घिग्घी बंध चुकी थी। दिल की धड़कने बढ़ चुकी थी। हाथ-पैर काँपने लगे थे। कुल मिलाकर डरपोक बिल्ली की तरह एक कोने में दुबककर बैठ गए। एसीबी अधिकारी ने घरवालों के फोन जब्त करते हुए खोजबीन में अड़चन पैदा न करने के सख्त निर्देश दिए। एक ओर खोजबीन में करोड़ों रुपयों की संपत्ति बाहर निकल रही थी उधर दूसरी ओर धर्मराज जी मन ही मन कहने लगे - खत्म। सब कुछ खत्म हो गया। कल से जेल की रोटी तोड़नी पड़ेगी। रुपए गिनने वाले हाथों से अब जेल की सलाखें गिननी पड़ेंगी।' वह अपने में तिल-तिल होकर रो रहे थे कि पत्नी कहने लगी - छीः-छीः। मुझे आप पर शर्म आती है। अब अपनी सहेलियों को क्या मुँह दिखाऊँगी। किटी पार्टी में जाने लायक नहीं छोड़ा। तभी मैनेजमेंट कोटा में डेढ़ करोड़ देकर मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने वाली बेटी पिता को धिक्कारने लगी- 'दोस्तों में अब मेरी क्या इज्जत रहेगी। डैड यू स्पाइल्ड एव्रीथिंग। शेम ऑन यू।' एसीबी अधिकारियों ने कहा ङ्क 'तुम लोग अपना रोना बाद में रोना। पहले यह बताओ घर की तलाशी लेने पर मात्र दस करोड़ की रिकवरी हुई है। जबकि हमें सूचना सौ करोड़ की मिली है।' किसी ने कुछ जवाब नहीं दिया। साहब के चालक ने एसीबी के अधिकारियों से कहा ङ्क 'यहीं से कुछ दूरी पर एक अनाथाश्रम है।

सेहत

# पुरुषों की तुलना में महिलाओं को होता है शराब से ज्यादा नुकसान

शराब पीना किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं हो सकता है चाहे वह आदमी हो या औरत. लेकिन हालिया रिसर्च में औरतों के शराब पीने को लेकर अजीबोगरीब खुलासा हुआ है. इस रिसर्च में यह खुलासा हुआ है कि लिंग के आधार पर भी शराब का असर पड़ता है. शराब पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए काफी ज्यादा हानिकारक होती है. नेशनल सेंटर ऑफ डिजिज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने भी इस बात की पुष्टि की है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में शराब पीने से काफी ज्यादा खतरनाक असर पड़ता है.

हार्वर्ड हेल्थ में पब्लिशिंग एक रिपोर्ट के मुताबिक शराब का खतरनाक असर महिलाओं पर ज्यादा पड़ता है. इसके पीछे का कारण यह है कि महिलाओं में आमतौर पर पुरुषों की तुलना में शरीर में फैट काफी ज्यादा होता है. वहीं पानी की मात्रा कम होती है. चूंकि अल्कोहल पानी में आराम से घुल जाता है और इसे पतला करने के लिए महिलाओं के शरीर में पानी की मात्रा कम होती है. पुरुषों के मुकाबले शरीर का वजन जल्दी बढ़ जाता है. ब्लड में अल्कोहल की मात्रा अधिक बढ़ जाती है. इसलिए औरतों को ज्यादा अल्कोहल नहीं पीना चाहिए. क्योंकि महिलाओं को ड्रिंक करते ही तुरंत नशा होने लगता है.

महिलाओं को अल्कोहल पचाने में काफी ज्यादा दिक्कत होती है. महिलाओं में शराब धीरे-धीरे पचती है. जिसके कारण शराब उनके सिस्टम में काफी लंबे वक्त तक रहता है. जिसके कारण वह पेट पर गंभीर असर डालता है.

लगातार शराब पीने से लीवर खराब हो सकता है और पुरुषों की तुलना में महिला का लिवर ज्यादा सेंसिटिव होता है. महिलाओं में अल्कोहलिक लिवर की बीमारी अधिक तेजी से फैलती है. यह ज्यादा शराब पीने से होता है. यह महिलाओं को सिरोसिस और शराब से होने वाली खतरनाक नुकसान के कारण होता है.

मासिक धर्म चक्र के दौरान हार्मोनल उतार-चढ़ाव महिलाओं की शराब के प्रति प्रतिक्रिया को प्रभावित कर सकता है. महिलाओं को अपने मासिक धर्म चक्र के कुछ चरणों के दौरान बढ़ी हुई संवेदनशीलता और बढ़ी हुई हानि का अनुभव हो सकता है. महिलाओं के लिए शराब की खपत को नियंत्रित करने के लिए इन हार्मोनल प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है.

रिपोर्ट के अनुसार शोध शराब के सेवन और स्तन कैंसर के बढ़ते खतरे के बीच संबंध का सुझाव देता है. जो महिलाएं कम मात्रा में शराब का सेवन करती हैं .उनमें स्तन कैंसर होने की संभावना अधिक हो सकती है. यह जोखिम एक चिंताजनक पहलू है जो शराब से संबंधित स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में महिलाओं के बीच जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देता है.

महिलाएं शराब के सेवन से जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जुझती हैं, जिनमें अवसाद और चिंता भी शामिल हैं. मानसिक स्वास्थ्य और शराब के सेवन की परस्पर जुड़ी प्रकृति दोनों पहलुओं को व्यापक रूप से संबोधित करने के महत्व पर प्रकाश डालती है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री का सपना विकासशील से विकसित हो भारत अपना

**कोरबा 19 दिसंबर ।** दर्री जोन में प्रतीक्षा बस स्टैंड में विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहें। उन्होने कहा कि जहां लोगों की उ मीदें खत्म हो जाती हैं वहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी शुरू होती है। भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए मोदी के संकल्प के केंद्र में छोटे शहरों का विकास है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। एक महीने के अंदर ही विकसित भारत संकल्प यात्रा हजारों गांवों और शहरों, विशेष तौर पर छोटे शहरों में पहुंच गई है।मोदी की सरकार परिवार के एक सदस्य की तरह हर किसी की परेशानियां कम करने का प्रयास कर रही है। मोदी की सरकार है जिसने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था। लेकिन उनकी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और इससे विकसित भारत की नींव मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी।इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। अग्रवाल ने सभी लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की कमान देशवासियों ने अपने हाथों में ले ली है और यात्रा देश के कोने-कोने तक पहुंच रही है, जिससे आमजान लाभांवित हो रहे हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त खजांची कुमार, भाजपा नेता तुलसी ठाकुर, नारायण ठाकुर, पार्षद बुधवार साय यादव, फिरत राम साहू, प्रेमचंद पांडेय, पुष्पा कंवर, रोपा तिर्की, मस्तूल कंवर, मनोज अग्रवाल सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी, हितग्राही उपस्थित रहें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं की मिली जानकारी

**कोरबा 19 दिसंबर ।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने तक पहुँच रही है। इसी कड़ी में कल कोरबा जिले के अलग-अलग जनपद अंतर्गत ग्रामों में शिविर लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कोरबा जनपद के ग्राम उरगा, पताढ़ी में, पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पोड़ी उपरोड़ा, ग्राम कोनकोना में, कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम ढेलवाडीह, ग्राम अरदा में, जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ग्राम कोटमेर, करतला और पाली जनपद अंतर्गत ग्राम नानबांका, बड़ेबांका में शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिक निगम अंतर्गत वार्ड क्र. 51 प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दर्री में एवं वार्ड क्र. 67 गजरा मैदान बांकीमोंगरा में शिविर लगाया गया।शिविर में योजनाओं का लाभ उठाने आवेदन भी लिया गया। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अ'छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। इससे पूर्व संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर स्वागत किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। शिविर में आए गजरा बस्ती मनोज कुमार रात्रे ने बताया कि उनके पिताजी के नाम पर आवास स्वीकृत है। इससे संबंधित आवेदन एवं दस्तावेज जमा करने आए हैं, उन्होंने बताया कि यहां अन्य योजनाओं की जानकारी मिली है। नंदराम ने बताया कि शिविर में योजनाओं की जानकारी मिली। यहाँ स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कै प में बीपी, सुगर की जाँच भी कराने की बात कही।उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया। जहां पर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया एवं जरूरतमंद लोगों को आवेदन फार्म भरवाए गए। शिविर स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरपंच, पार्षदगण तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# भाजपा विधायक चैतराम अटामी का कुआकोंडा मण्डल प्रवास पर स्वागत





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 दिसंबर।** भाजपा विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी विधायक निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम कुआकोंडा मण्डल प्रवास पर पहुंचे जहा कुआकोंडा मण्डल के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक अटामी का जोशीला एवं भव्य स्वागत किया 7 शिव मंदिर नकुलनार,गढ़पदर में बाबा कोडराज,लसनदयी कुआकोंडा एवं गंगादयी मैलावाड़ा में विधायक अटामी ने पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओ के साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया 7तत्पश्चात गढ़मिरि में आयोजित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुँच विधायक अटामी सम्मिलित हुए और ग्रामीणों को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया।इस दौरान रामबाबू गौतम,धीरेन्द्र प्रताप, कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा, सत्यजीत चौहान, नन्दलाल मुडामि,सोमडू कोर्राम, दुर्गा सिंह चौहान, मुन्ना मरकाम, सुमित सिंह,चंद्रपाल भदौरिया,कामो कुंजाम, आशीष चौहान, राघवेंद्र गौतम, गोविन्द तिवारी, अभिशेख, भूपेंद्र, रवि भदौरिया, मोहन ठाकुर, कमल ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## केशकाल भाजपा विधायक नीलकंठ टेकाम ने किया माँ दंतेश्वरी का दर्शन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 19 दिसंबर।** केशकाल भाजपा विधायक नीलकंठ टेकाम सोमवार को दंतेवाड़ा पहुंचे । पूर्व आई ए एस नीलकंठ टेकाम को भारतीय जनता पार्टी ने केशकाल विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया था जहा उन्हें हाल ही में संपन्न हुए 2023 विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल हुई आज विधायक बनने के पश्चात नीलकंठ टेकाम बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे और देवी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।विधायक निर्वाचित होने के पश्चात ये नीलकंठ टेकाम का प्रथम दंतेवाड़ा प्रवास था । श्री टेकाम ने विश्राम गृह दंतेवाड़ा में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ से मुलाकात भी की । दंतेवाड़ा भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक नीलकंठ टेकाम से मुलाकात कर उन्हें प्रचंड जीत की बधाई दी । इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, वरिष्ठ भाजपाई दुर्गा सिंह चौहान, नपा अध्यक्ष पायल गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य रामु नेताम, खिरेन्द्र ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, दंतेवाड़ा मंडल उपाध्यक्ष रुपन मंडल, राहुल दुबे, लक्ष्मी यादव, निखिल नाग, कीर्ति, शिव समेत समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

स्वागत



### प्रभु श्रीरामजन्म भूमि से पहुंचे अक्षत कलश का हुआ स्वागत

**बचेली ।** श्री राम जन्मभूमि से पहूंचे अक्षत कलश को लेने बचेली से स्वयं सेवक राम भक्तों का दल सुबह दस बजे दंतेवाड़ा के लिए निकला चार पहिया वाहनों में सवार राम भक्तों नें दंतेवाड़ा से कलश लेकर दंतेश्वरी मंदिर तक पद यात्रा की तत्पश्चात कलश लेकर लौहनगरी बचेली की ओर निकले। पहला कलश रितेश गुप्ता ने उठाया,बचेली नगर के प्रवेश द्वार पर भक्त सुबह से प्रतीक्षा कर रहे थें दर्शन हेतु भारी संख्या में भक्त एकत्र हो गये । कलश के पीछे आगे भक्तों की कतार में यात्रा का रूप धारण कर लिया। प्रत्येक दर्शनार्थि कलश का पूजन करना चाहता था । राम भक्त डीजे की धुन में नाचते गाते राम नाम का जयकारा लगाते नगर के सभी देवस्थान तक पहूंचे । विभिन्न स्थानों में भव्य स्वागत हुआ । यात्रा समापन तक बचेली नगर अयोध्या में परिवर्तित हो गया। बचेली के सभी वार्डो से होकर यात्रा दुर्गा मंदिर बचेली पहूंची यहां अभिमंत्रित कलश को स्थापित किया। अब राम भक्त अभिमंत्रित अक्षत और अयोध्या से आए पत्रक लेकर नगर के प्रत्येक घर तक पहूंचकर अयोध्या पहूंचने को आमंत्रित करेंगे।

### नंदनझरिया का पार्क रख-रखाव के अभाव में हुआ वीरान

**पत्थलगांव, 19 दिसंबर।** हरियाली परिसर नंदनझरिया के नाम से मशहूर वनविभाग का यह गार्डन अब सिर्फ हरितिमा का मुंह चिडाने के काम आ रहा है। यहा फैली चारो ओर की हरियाली अब सिर्फ सुखे पेड व घांस मे तब्दील हो चुकी है। किसी समय मे अपनी हरियाली व सौंदर्यता के कारण मशहूर यह गार्डन वनविभाग द्वारा सही रख-रखाव ना होने की वजह से विभाग की निष्क्रीय कार्यशैली का जीता जागता उदाहरण बन चुका है। एक दशक पूर्व लगभग 17 एकड मे वनविभाग द्वारा बनाया गया यह हरियाली परिसर अब सूखे पेड व पौधो से अपनी बर्बादी की कहानी खुद ही बंया कर रहा है। इन दिनो यहा की हरियाली विलुप्ती की कगार मे पहुंच चुकी है,,यहा लगाये गये बडे छायादार वृक्ष कुछ काटे जा चुके है,,वही छोटे वृक्ष बिना रखरखाव के अभाव मे सुखकर मुरझाने की स्थिती मे पहुंच गये है।

## के. संतोष युवा और रुक्मणी झाड़ी बनाई गई महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष

**बीजापुर,19 दिसंबर।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में परम पूज्य गुरुदेव वंदनीया माताजी एवं वेद माता गायत्री के सूक्ष्म सानिध्य में लोकमंगल की कामना से गायत्री परिवार के परिजन बीजापुर सहित विश्व में विचार क्रांति अभियान के सप्तसूत्रीय आंदोलन में सतत प्रयासरत हैं । गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर जिले का आस्था का प्रमुख केंद्र है जहां से ऊर्जा का संचार होता है और गायत्री परिजनों में विश्वास और उमंग की धारा प्रवाहित होती है । गायत्री परिवार संगठन अपने शाखाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज जिला स्तरीय युवा प्रकोष्ठ का बैठक शक्तिपीठ ने आयोजित किया गया था जिसमें चिकलखुटी कोंडागांव आश्रम से पधारे महाप्राण पुरोहित जी एवं उनके टोली के मार्गदर्शन में युवाओं को युग निर्माण के सूत्र बताए गए। विदित हो की



वर्ष 2026 में बंदनीय माता जी एवं अखंड ज्योति की शताब्दी के अवसर पर शांतिकुंज द्वारा युग निर्माण योजना के विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने हेतु परिजनों में सक्रियता लाने का प्रयास जारी है जिस कारण जिला स्तरीय युवा एवं महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन किया गया। के. संतोष युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष और रुक्मणी झाड़ी महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत हुए। साथ ही संगठन के सचिव,कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी प्रमुख सहित अन्य पदों पर भी युवा भाई बहनो का मनोनयन किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारीयों को तिलक चंदन कर स्वागत अभिनंदन किया एवं उपस्थित सभी चारों ब्लॉक से आए हुए गायत्री परिजनों ने करतल ध्वनि के साथ में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में संगीतमय वातावरण बनाने के लिए हारमोनियम वादक अच्छे लाल साहू तबला वादक दुर्गेश साहू ने प्रज्ञा गीत गाकर भक्ति का संचार किया। ट्रस्टी जयपाल सिंह राजपूत ने युग निर्माण में सभी को अपने व्यक्तिगत भागीदारी करने हेतु आवाहन किया सहायक प्रमाण ट्रस्टी बीर राज बाबू ने दोनों संगठनों को बनाने के लिए सहयोग किया । कार्यक्रम में जिला समन्वयक विजय बहादुर राजभर, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी शंकर कुडियम,वरिष्ठ परिजन एवं देवालय प्रबंधन समिति के प्रमुख रामयश विश्वकर्मा, प्रज्ञा मंडल बीजापुर के अध्यक्ष बैद्यनाथ साहू तथा सभी ब्लॉकों से आए हुए गायत्री परिजन, वरिष्ठ परिजन पवन सोनी लालैया, राधा, सुगलमणि, भीमें इचामी,रामेश्वरी, उमेश्वरी खेमनी यादव, नागेश सवरागिरी, सावित्री सवरागिरी एवं सैकड़ों की संख्या में परिजनों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। भोजन प्रसाद उपरांत तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंटकर टोली का विदाई किया गया।

# ग्राम भोयना की दुलेश्वरी का पक्का मकान का सपना हुआ साकार

**धमतरी, 19 दिसम्बर ।** रोजी-मजदूरी करने वाली भोयना की श्रीमती दुलेश्वरी नेताम कभी सपने में भी नहीं सोचा कि उसका एक पक्का मकान होगा और परिवार के साथ वह हर मौसम चाहे गर्मी हो, सर्दी अथवा बारिश आराम के साथ रह सकती है। दरअसल विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज धमतरी विकासखण्ड के ग्राम भोयना में आयोजित कार्यक्रम में अन्य ग्रामीणों के साथ श्रीमती दुलेश्वरी नेताम भी पहुंची थी। उन्होंने अपनी कहानी, अपनी जुबानी बताते हुए कहा कि उनके परिवार में पति और तीन बेटियों के साथ 5 सदस्यों का परिवार रहता है। दुलेश्वरी और उनका पति मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उस पर तीनों बेटियों के परवरिश और पढ़ाई की जिम्मेदारी भी। इन सबके बीच तो पक्के मकान का सपना भी वे नहीं देख सकते थे। ऐसे ही गरीब-मजदूरों की सहायता बनी देश के



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी वाली प्रधानमंत्री आवास योजना। इस योजना का लाभ भोयना की श्रीमती दुलेश्वरी नेताम को भी मिला। योजना के तहत उन्हें एक लाख 20 हजार रूपये की सहायता मिली। उन्होंने बताया कि मनरेगा मजदूरी की बचाई हुई राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा मिली 1 लाख 20 हज़ार रुपए से पक्का मकान बनकर तैयार हो गया।श्रीमति दुलेश्वरी खुश होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित कर रहीं हैं, कि अब उन्हें बारिश में छत टपकने और ना ही ठंड में ठिठुरने की चिंता है।

### दिल्ली में बंधक बनाए गए 10 से ज्यादा पहाड़ी कोरवा युवक, वीडियो बनाकर मदद की लगाई गुहार

**सरगुजा, 19 दिसंबर ।** मैनपाट ब्लॉक के 10 से 'यादा पहाड़ी कोरवा युवकों को दिल्ली में बंधक बनाने का मामला सामने आया है. 'यादा मजदूरी का झांसा देकर दिल्ली में सभी पहाड़ी कोरवा युवकों को बंधक बनाया गया है.बंधकों में एक युवक ने अपना वीडियो बनाकर वायरल किया है. उन्होंने परिजनों सहित प्रशासन से अपनी घर वापसी के लिए मदद की गुहार लगाई है. वीडियो वायरल होने के बाद सभी बंधक बने मजदूरों की घर वापसी को लेकर परिवार परेशान है. दिल्ली में बंधक बने मजदूर सरगुजा के मैनपाट ब्लॉक के ग्राम सुपलगा सहित अन्य गांव के रहने वाले बताए जा रहे.

## समाचार संक्षेप

### धनीराम व पदाधिकारियों ने सीएम से भेंट की



**सुकमा, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धनीराम बरसे ने अपने भाजपा के पदाधिकारीयों के साथ रायपुर पहुंच छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिया। एवं धनीराम बारसे ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला के 200 कार्यकर्ता पहुंचे थे। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीरामबारसे के साथ सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, उप मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी, क्षेत्रीय महामंत्री संगठन भाजपा अजय जमवाल जी, महामंत्री संगठन पवन साय जी, एवं सभी भाजपा विधायक एवं संगठन प्रमुखों से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के साथ सुकमा जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, कोरसा सन्नू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, धर्मेंद्र मोनू सिंह भदोरिया, जिला मंत्री मडकम भीमा, युवा मोर्चा जिला अ संजय सोढ़ी, मंडल प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया, म अध्यक्ष डमरू राम नाग, बलिराम नायक, अमर पोन प्रदीप शुक्ला, सोनू नेताम, दुलाल शाह, प्रवीण ब अमन भदौरिया, रमेश यादव, अभि चतुर्वेदी, अमितेश सिंह सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता ने बधाई दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



**सुकमा, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को जिले के ग्राम रामाराम, गोलाबेकुर, चिपुरपाल, मुलाकिशोली और इंजरम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों तथा मौजूद जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई। सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सरकार द्वारा जन कल्याण हेतु अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रचार वैन पहुँचने पर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ी से स्वागत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वैन भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री का संदेश भी सुना रही है। कार्यक्रम में लोगों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाया बनाया जा रहा हैं । साथ ही उज्ज्वला गैस कनेक्शन हेतु हितग्राहियों का पंजीयन किया जा रहा है और शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा लाभ की जानकारी दी जा रही है। विकसित यात्रा के दौरान अधिकांश ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सुपोषण किट वितरित की जा रही। स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाई दी गयी। लगाये गये शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। पात्र हितग्राहियों का सरकारी योजना से लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ने भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, फसल बीमा, स्वायल हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड के फ़ायदे बताये। अधिकारियों द्वारा भारत सरकार की योजनाओं का लाभ लेने कहा। इसके लिए संबंधित विभाग में आवेदन देने कहा।

### पुलिस ने हत्या के आरोपियों को पकड़ा



**भिलाई।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बीती रात प्रेम उर्फ रॉकी मंडल की हत्याकांड मामले में तीन घंटे के भीतर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। एक नाबालिग समेत 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों और मृतक के बीच विवाद सिगरेट के धुएं को लेकर हुआ था। इसके बाद सभी आरोपियों ने लाठी-डंडे और ईट-पत्थर से पीट-पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया था दुर्ग सीएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि प्रेम उर्फ रॉकी नाम के लड़का को बघेरा में लोग लाठी-डंडा एवं पत्थर से मारपीट कर बघेरा रोड किनारे नाली में डालकर भाग गए हैं मौके पहुंची टीम को युवक मृत मिला मृतक के परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि ग्राम बघेरा के पप्पू किराना दुकान के पास सिगरेट पीने की बात को लेकर आरोपियों रघुनाथ मंडावी (22 वर्ष), भूपेश साहू ( 21 ) वर्ष), अविनाश उर्फ बउवा मंडावी (20 वर्ष), चंद्रकांत उर्फ चिन्टू ठाकुर (26 वर्ष), आकाश मंडावी (20 वर्ष) एवं एक किशोर ने हाथ, मुक्का, डण्डा से मारपीट एवं पत्थर पटक कर हत्या करने की बात बताई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147,148,302, के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में ली गई थी

**आरोपियों को पकड़ने के लिए 3 टीम की गई थी तैयार-** दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि इस मामले के नामजद आरोपियों की तलाश करने के लिए 3 टीम तैयार कर अलग- अलग दिशाओं में पतासाजी के लिए भेजी गई आरोपियों के मिलने पर सभी से पूछताछ करने पर अपना गुनाह कबूल कर लिया साथ ही घटना में प्रयुक्त लाठी डंडा एवं पत्थर और मृतक रॉकी मंडल के पकड़े हुए चाकू को नाली से तलाश कर बरामद कर लिया गया।

### नशे में धुत कार चालक ने 4 लोगों को रौंदा, एक की मौके पर मौत

**बिलासपुर, 19 दिसंबर ।** जिले में र तार का कहर जारी है. नशे में धुत कार चालक ने चार लोगों को रौंद दिया. दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि × गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह मामला कोनी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, कोनी थाना क्षेत्र के बिलासा ताल के पास सड़क पर देर रात 4 युवक खड़े थे. इस दौरान तेज र तार कार ने सभी को टक्कर मार दी. हादसे में एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. वहीं तीन की हालत गंभीर है. हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल किया. वहीं घटना की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची ।

# कई गांवों के लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बीजापुर 19दिसंबर।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 18दिसम्बर को जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरला,चेरपल्ली,गुदमा,सकनापल्ली ईटपाल,चिन्नाकवाली मुरदंडा,एवं बासागुड़ा में किया गया। इन पंचायतों के आश्रित गांवों संड्रापल्ली,केशईगुड़ा दम्पाया कोमपल्ली केतुलनार दरभा कांदूलनार चाटलापल्ली हीरापुर तिम्मापुर फुतकेल पोलमपल्ली मल्लेपल्ली लिंगागिरी कोरसागुड़ा तर्रेम चिन्नागेल्लूर चिपुरभट्टी पुसबाका गगनपल्ली एवं कोण्डापल्ली के जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीणजन विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का शपथ लिया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हमारा संकल्प विकसित भारत सन्देश को तन्मयता के साथ श्रवण किया।कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना इत्यादि की विस्तृत जानकारी जनसाधारण को दी। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी किया गया। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन,आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया और उन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया।

## एक नजर



### नवोदय विद्यालय के एल्युमिनी मीट में शामिल हुए विधायक ओपी

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय के एल्युमिनी मीट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु भूपदेवपुर स्कूल पहुंचे। जहां स्कूली छात्रों एवं शिक्षको ने विधायक का तिलक लगाकर भावभीना स्वागत किया जिसे देख ओपी चौधरी अभिभूत हो गए। छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ओपी ने अपने जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए।शिक्षा को जीवन के बदलाब का माध्यम बताते हुए ओपी ने कहा स्कूली परीक्षाएं हमे व्यवहारिक जीवन की परीक्षाओं में भी सफल होना सिखाती है। स्कूली शिक्षा के जरिए जीवन से जुड़े बहुत से व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव हासिल होता है। अनुशासन एवम परिश्रम का पाठ भी शिक्षा के जरिए ही मिलता है।जीवन के किसी भी लक्ष्य को सफलता पूर्वक हासिल करने के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया।विद्यालय के शिक्षक.शिक्षिकाओं एवं विधार्थियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर विधायक रायगढ़ सभी का आभार भी व्यक्त किया।

### पक्के मकान का सपना होगा पूरा, सीएम विष्णुदेव साय ने आवास निर्माण को दी मंजूरी

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** मेहनत-मजदूरी कर जीवन-यापन करने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए खुद का पक्का मकान बनाना एक सपने जैसा था। लेकिन उनका यही सपना सरकार गठन के पश्चात लिए गए निर्णय के फलस्वरूप अब हकीकत में तब्दील होने जा रहा है। गत दिवस मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यभार संभालते ही केबिनेट की पहली मीटिंग में प्रदेश के 18 लाख से अधिक परिवारों को आवास देने की मंजूरी दी है। जिसके अंतर्गत जिले के तकरीबन 47 हजार से अधिक लोगों का खुद के पक्के घर का सपना जल्द ही पूरा होगा। सरकार के इस निर्णय को लेकर लोगों में खुशी की लहर है। ग्राम-कोड़ातराई के श्री जागेश्वर सिंह सिदार ने बताया कि हमारे पास अपना खुद का कच्चा मकान था, जिसमें हम बरसो से सपरिवार रहते आ रहे है। सबसे ज्यादा बरसात के दिनों में समस्या होती थी। जहां पानी टपकता रहता था, खूब बरसात होने से दीवालों में नमी भी आ जाती थी। जिससे हर समय एक डर बना रहता था कि कही मकान का कुछ हिस्सा गिर न जाए। तभी हमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला और हमारा कच्चा मकान, पक्का मकान में तब्दील होने लगा। लेकिन एक आखिरी किश्त न मिलने के कारण मकान अधूरा पड़ा है, ढलाई तो हो गयी है लेकिन छबाई होना बाकी है। तभी नये मुख्यमंत्री के बनने और उनके घोषणा अनुरूप अब बहुत जल्दी वो किश्त भी मिल जाएगी जिससे हमारा पक्का मकान का सपना भी पूरा हो जाएगा। ग्राम-बोतल्दा के श्री अनिल केवट खेती-किसानी के साथ ड्राईवर का काम करते है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तो मिला है लेकिन आखिरी किश्त न मिलने से काम रूका हुआ था। वर्तमान में तीसरा किश्त मिलने से अब मकान का कार्य अंतिम चरण में है। जिससे जल्द ही अपना स्वयं का पक्का मकान बन जाएगा।

### रानीबोदली कैम्प पर हमला, ग्रामीण की हत्या में शामिल जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर 19दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित माओवादी



विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 17/12/2023 को थाना कुटरू से जिला बल की टीम गट्टापल्ली की ओर निकली थी । अभियान के दौरान गट्टापल्ली से 01 जन मिलिशिया सदस्य मिच्चा लखमू पिता इरिया उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी गट्टापल्ली थाना कुटरू जिला बीजापुर को पकड़ा गया ।पकड़ा गया माओवादी दिनांक 15/03/2007 को थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत कैम्प रानीबोदली हमला की घटना में शामिल था, इसके अलावा दिनांक 07/12/2009 को टुंगेली निवासी माड़वी दुलगो की हत्या की घटना में शामिल था । उक्त के विरूद्ध थाना कुटरू में 02 स्थाई वारंट लंबित है ।पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

# साहू समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक सिन्हा का सम्मान

**महासमुंद, 19 दिसंबर।** बीटीआई रोड स्थित मां कर्मा सदन में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का साहू समाज विधानसभा क्षेत्र महासमुंद के सामाजिकजनों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सामाजिकजनों द्वारा मां कर्मा के तैल्यचित्र में दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। प्रदेश साहू संघ राजनीतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू के आगमन से समाज के युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। साहू का युवाओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत उपरांत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सामाजिक समरसता एवं एकजुटता को लेकर संबोधन दिया गया।शैलेंद्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां के साहू युवा सत्ता पलटने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। यहां के युवा अपनी ऊर्जा से राजनीतिक पलटवार करने में कहीं कमी नहीं रखते, इसी के चलते महासमुंद विधानसभा में राजनीतिक प्रकोष्ठ का गठन अति शीघ्र उनके द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक प्रकोष्ठ के गठन से समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होगा और समाज को दशा और दिशा इससे प्रदान होगा। महिला प्रकोष्ठ की ओर से सुधा साहू भारती जनता पार्टी महिला मोर्चा ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण की बात कही।उन्होंने महिलाओं को सामाजिक राजनीतिक में पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर काम करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित विधायक से समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवं सामाजिक समरसता को बरकरार रखते हुए क्षेत्र की उत्तर उत्तरोत्तर विकास करने की करने की बात कहीं। साहू समाज द्वारा गजमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर जोशीला स्वागत किया गया। साहू समाज विधानसभा महासमुंद से आए ग्रामीण अध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्ष एवं महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया गया। उपरांत विधायक ने अपने उद्बोधन में साहू समाज का आभार प्रदर्शन करते हुए हर परिस्थिति में समाज के साथ खड़े रहने की बात कही।विधायक सिन्हा ने अपनी जीत में अहम किरदार निभाने वाले जितेंद्र पप्पू साहू को जीत का सूत्रधार बताते हुए उनको राजनीति का चाणक्य माना। कार्यक्रम को मुन्ना साहू, मोती साहू, सती साहू, पार्वती साहू, हेमलता साहू मेनका साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से तहसील साहू समाज उपाध्यक्ष कमल नारायण साहू, शेर परिक्षेत्र अध्यक्ष सुंदर साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष नूतन साहू, नगर साहू समाज अध्यक्ष रवि साहू, जनपद सदस्यगण रामेश्वर गब्बर साहू, दिग्विजय साहू, पार्षदगण निखिलकांत, विजय साहू, सरपंचगण रिखी राम, कर्मचारी प्रकोष्ठ से केवल, आत्माराम, नंदू साहू परीक्षेत्र अध्यक्षगण, ग्रामीण अध्यक्षगण एवं चैनू, महेंद्र, बिसौहा, ईश्वर, वरुण, तोमन, धरम, सुभाष, मनीष, चंदन, विनय, घना, रामेश्वर, धीरज, दुर्गेश, दिनेश, चेतन, ओमप्रकाश, विजय, डॉ तरुण, योगेश, गुलशन, कुंदन, संतराम, रूपेश सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ सुंदर साहू, डॉ देवेंद्र साहू,

## ओवरब्रिज का काम शुरू नहीं पर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी

# तहसील कार्यालय में करेंगे तालाबंदी:अमर अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 19 दिसंबर।** आरआई और पटवारी की कार्यशैली से पूरी जनता त्रस्त है। वहीं इस विकराल समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और युवानेता अमर अग्रवाल ने तहसीलदार को आगाह करते हुए कहा कि यदि आपके पटवारी और आरआई आम जनता का कार्य समय से नहीं करेंगे तो आम जनता त्रस्त होकर तहसील कार्यालय में तालाबंदी को विवश होगी।अमर अग्रवाल ने तहसीलदार से फोन पर चर्चा कर आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। वहीं अपने फेसबुक वाल पर लिखा है कि खरसिया तहसील में



जिसका भी काम समय पर नहीं हो रहा है, पटवारी और आरआई घूमा रहे हैं, अपनी बाबू गिरी दिखा रहे हैं, तो जल्दी ही सुधर जाएं अन्यथा तहसील कार्यालय में तालाबंदी की नौबत आ सकती है।उल्लेखनीय होगा कि पटवारी की कार्यशैली से न सिर्फ गांव वरन् शहर की जनता भी त्रस्त है। वहीं पटवारी तथा आरआई ने अपनी कार्यशैली में अघोषित रूप से अनुदान को शामिल भी कर रखा है। ऐसे में जनता की आवाज को मुखर होकर युवा नेता अमर अग्रवाल ने उठाया है, जो काबिले तारीफ है। वहीं अमर अग्रवाल ने खरसिया वासियों की विकट समस्या ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में आम नागरिकों के द्वारा रेल रोको आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### स्कूल जाने निकली कटघोरा क्षेत्र की दो नाबालिग छात्राएं गायब

**कोरबा 19 दिसंबर ।** कटघोरा क्षेत्र की दो नाबालिग छात्राएं एकाएक गायब हो गई। इससे स्वजन समेत क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कटघोरा थाना अंतर्गत मोहलाइन भाठा क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा घर से स्कूल जाने का नाम पर 10 दिसंबर को निकली थी, पर वह न तो स्कूल पहुंची और वापस घर लौटी। शाम को छात्रा के घर नहीं आने पर स्वजनों ने तलाश शुरू की। सहेलियों के अलावा अन्य परिचितों से उसके संबंध में जानकारी ली, लेकिन कहीं पता नहीं चला।इसी तरह कटघोरा थाना अंतर्गत ही खुंटरी गढ़ की रहने वाली व एक निजी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा नौवीं की छात्रा भी 10 दिसंबर को घर से स्कूल जाने निकली थी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : गांव-गांव पहुंच रही सरकार की योजनाएं

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके गांव तक मिलने लगा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रायगढ़ जिले में भी हो गया है। जिसके तहत आज लैलूंगा के रूपडेगा एवं घटगांव में तथा तमनार के लालपूर, मिलूपारा, हिंझर एवं खम्हरिया गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न 17 योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो देर शाम तक चली। इस अवसर पर विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये थे जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिला। यहां उपस्थित ग्रामवासियों ने अपनी जुबानी इस कार्यक्रम को बेहतर बताया।



### जिले के इन गांवों में कल पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन

विकसित भारत संकल्प यात्रा का वैन कल 19 दिसम्बर को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ के ग्राम-साजापाली एवं जमाबीरा, घरघोड़ा के कोसमघाट एवं पूरी, लैलूंगा के मुड़ागांव एवं कोड़ासिया, रायगढ़ के पंडरीपानी पश्चिम एवं गोपालपुर एवं तमनार विकासखण्ड के ग्राम-उरबा एवं पेलमा शामिल है।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी में योजना से लाभ की जानकारी देंगे हितग्राही

इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे। इस संकल्प यात्रा के दौरान स्वागत, प्रधानमंत्री मोदी का रिकार्डेड संदेश प्रसारण, विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के अनुभव साझा, कृषि गतिविधियां अंतर्गत ड्रोन का प्रदर्शन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसानों से जैविक खेती पर बातचीत, ऑन स्पाट क्विज, महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर भूमि रिकार्ड का 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण, ओडीएफ प्लस उपलब्धि, जल जीवन मिशन की संतृप्ति आदि की उपलब्धियों पर उत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत और नगरीय क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर अभिनंदन और पुरस्कार वितरित की जाएंगी।

### ऑन स्पॉट सेवाएं

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन, बैंक लोन, पीएम स्वनिधि आदि का स्टॉल लगाया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### महिला एवं बाल विकास के बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान में बाल अधिकार व संरक्षण तंत्र की जानकारी दी



**बीजापुर, 19 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के स्कूलों, आश्रमों एवं पोटाकेबिनो के छात्र-छात्राओं को स्कूल के शिक्षको एवं बच्चे को बाल अधिकार और संरक्षण तंत्र की जानकारी दिया जा रहा है, जिसमें किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय बोर्ड व बालक कल्याण समिति की भूमिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान का उद्देश्य, किशोर-किशोरी सशक्तिकरण अंतर्गत बाल विवाह के दुष्प्रभाव बाल विवाह के रोकथाम के उपाय, किशोरियों के पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित मुद्दे एवं समाधान, बच्चों के अनैतिक व्यापार अधिनियम, ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित पलायन पंजी, ग्राम पंचायत स्तर पर शाला त्यागी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोड़े जाने पर एवं गोद लेने की वैधानिक प्रक्रिया, दत्तक ग्रहण नियम 2017, बाल श्रम अधिनियम पर चर्चा कर जानकारी दिया गया, बच्चों से गुड टच बैड टच की जानकारी दिया गया और बच्चों स इस संबंध में चर्चा भी किया गया कि गुड टच क्या होता है और बैड टच क्या होता है कभी भी ऐसी घटना होने पर हमका सबसे पहले हमको किसको बताना चाहिए जिस पर सबसे ज्यादा भरोसा व विश्वास हो, ऐसी घटना होने से हमको चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 में भी कॉल कर सूचित किया जा सकता है। साथ ही स्कूल के शिक्षको से आग्रह किया गया है कि ऐसे सभी बच्चें जो कि नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे है, लंबे समय से नही आ रहे है, उनका नियमित रूप से निगरानी किया जाना है, और पालक को इसकी सूचना दिया जाना है स्कूल से कोई भी बच्चा शाला त्यागी न हो इस संबंध में ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक पर चर्चा कर ग्राम पंचायत को बाल सुलभ पंचायत बनाने का प्रयास किया जा सके। जिसमें सभी बालक बालिकाओं को स्कूल से जोडा जा सके और ग्राम पंचायत का वातावरण ऐसा हो जो कि हिंसामुक्त वातावरण हो। उक्त संवेदीकरण कार्यक्रम में श्रीमती शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी, राहुल कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री लेखिका साहू जिला समन्वयक यूनीसेंफ से उपस्थित थे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में ग्राम तारुड़ विजयी



**बीजापुर,19दिसंबर(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में आश्रित ग्राम पंचायत तिमेड़ में आज माँ समक्का-सरक्का क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में टेनिस क्रिकेट का आयोजन किया गया था। जिलाध्यक्ष भाजपा श्रीनिवास मुदलियार ने अपने करकमलों से टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष भाजपा ने फीता काटकर शीतकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस बीच कुछ देर तक तिमेड़ के पिच में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने बल्लेबाजी में अपना हाथ आजमाया। उपरांत भाजपा जिलाध्यक्ष व ग्राम के प्रमुख ने इस उद्घाटन मैच में दोंनो पक्षों के खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए शुभकामनाएं दी। इस टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच तारुड़ और वडला के मध्य खेला गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सिक्का उछला, टॉस में ग्राम पंचायत तारुड़ मारी बाजी व पहले फील्डिंग चुनी।

**ग्राम तारुड़ हुआ विजयी**-इस दस ओवर के खेल में ताबोडतोड़ बल्लेबाजी करते हुए 10 रन प्रति ओवर का रन रेट से 65 रन बनाया,वहीं दूसरी ओर तारुड़ टीम के खिलाड़ियों ने टारगेट को पूरी करने में भरपूर प्रयास करते हुए 65 रन के लक्ष्य को 7 ओवर में पूरा करके टीम विजयी हुई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष वेंकटेश्वर यालम,क्लब अध्यक्ष एस.माधव,उपाध्यक्ष एम.पुरषोत्तम,सचिन आत्राम,गिरिजाशंकर तामडी,गोविंद कुमरे,संतोष पेदापुलि,ग्राम प्रमुख व क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहें।

### सैर पर निकली दो महिलाओं को ट्रक ने रौंदा

**महासमुंद।** रविवार को रायपुर रोड पर मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को ट्रक ने टक्कर मार दी, घटना में एक महिला की मौत हो गई, वहीं दूसरी घायल है। पुलिस के अनुसार रविवार की सुबह करीब 5 बजे किरण चंद्राकर और राधिका यादव मार्निंग वॉक पर निकली थीं। इस दौरान अज्ञात वाहन ने दोनों महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। राधिका यादव ने घटना की सूचना फोन पर अपने पति को दी। दोनों को 108 वाहन की मदद से अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना में किरण चंद्राकर पति आकाश चंद्राकर (21) निवासी पुराना रावण भाठा की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# नवनिर्मित अग्रोहाधाम भवन लोकापर्ण को लेकर अग्रसमाज की बैठकों का दौर जारी

**रायगढ़, 19 दिसम्बर।** नगर में अग्र समाज द्वारा भव्य और विशाल सामाजिक भवन अग्रोहा धाम का निर्माण कराया गया है। अग्रोहाधाम के निर्माण के लिए अग्रसमाज द्वारा लगभग चार साल पहले जो बीड़ा उठाया गया था। वो अग्रोहा धाम अब बनकर तैयार हो गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए विगत 14 अक्टूबर 2019 को भगवानपुर के निकट चयनित स्थल का भूमिपूजन किया गया था ।अग्रोहाधाम के निर्माण हो जाने से अग्र बंधुओ में भारी उत्साह और उमंग का वातारण दिखाई दे रहा है। क्योंकि इसके निर्माण से उनका वर्षो पुराना सपना सच हो गया है।



अग्रोहा धाम के निर्माण और उसके संचालन के लिए जिस प्रकार की परिकल्पना की गई है उससे विवाह शादी व अन्य मांगलिक कार्य यहां पर काफी कम खर्च में सम्पन्न होंगे। अग्रोहा धाम भवन अब बनकर तैयार हो गया है। जिसका लोकार्पण 27 दिसंबर को भारत के लोकसभा स्पीकर ओम बिडला जी द्वारा किया जाएगा एवं अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी करेंगे। लोकार्पण समारोह में समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को जोड़ने के लिए अग्रोहाधाम चेरिटेबल ट्रस्ट और श्री अग्रसेन सेवा संघ के सदस्यों द्वारा लगातार अलग.अलग क्षेत्र में बैठक लेकर अग्रोहा धाम के विषय में जानकारी दी जा रही है। साथ ही पीले चावल और आमंत्रण पत्रिका दि जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को सुभाष चौक शहर के मध्य एवं कोतरा रोड की बैठक आयोजित की गई थी। वहीं सोमवार को इतवारी बाजार, मंदिर चौक, अग्रसेन चौक, रामनिवास टॉकीज चौक, गांधी गंज आदि क्षेत्रो के अग्र बंधुओ की बैठक लेकर लोकार्पण समाहरोह में अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आग्रह किया गया। सभी अग्र बंधुओ ने भवन लोकार्पण में अपनी सपरिवार उपस्थिति के लिए संस्था के सदस्यों को विश्वास दिलाया।

## एक नजर

### छुरा में 20 दिसम्बर से पांच कुंडीय महायज्ञ एवम रक्तदान शिविर

**छुरिया, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, परम वंदनी माता भगवती देवी शर्मा की,मां ऋतंभरा प्रज्ञा गायत्री माता की कृपा से गायत्री परिवार ट्रस्ट छुरिया द्वारा सन 1981 से अनवरत जारी 20 दिसंबर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम 19 दिसंबर मंगलवार दोपहर 2बजे कलश यात्रा संध्या 5 बजे से देव आहवान एवं दीप महायज्ञ, शाम 6बजे से प्रात: 6 बजे तक 12 घंटे का समूह साधना तथा 20 दिसंबर बुधवार को प्रात: 4बजे से जागरण आरती, योग, सुबह 9 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ विविध संस्कार एवं पूर्णाहुति और इसी दिन सुबह 10 बजे से 4 बजे तक रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया है जिसमें मेडिकल कॉलेज पेंड्री के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। लगभग 80 रक्तदाताओं का रक्त निकाला जावेगा।गायत्री मंदिर परिवार छुरिया ने आत्मीय परिजनों भाइयों बहनों और प्रबुद्ध युवा वर्ग को इस कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए आह्वान किया है।

### करमदा और रवान में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करमदा और रवान में किया गया। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान करमदा में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1बजे तक तथा शासकीय हाई स्कूल मैदान रवान में दोपहर 2बजे से अपरान्ह 5 बजे तक शिविर आयोजित किए गए। शिविर में योजनाओं से वंचित लोगों का पंजीयन व योजनाओं के तहत पत्र हितग्राहियों को सामग्री वितरित की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमदा शिविर में ग्राम पंचायत करमदा, गैतरा व धंवाई के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में डे नोडल अधिकारी जनपद पंचायत बलौदाबाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी तथा शिविर प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जोशी बनाये गए हैं। रवान शिविर में ग्राम पंचायत रवान, पौंसरी एवं भद्रापाली के ग्रामीण शामिल थे।

### कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण 26 तक

**बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक समय-सीमा निर्धारित किया गया है। इस सम्बंध में सभी जिला कोषालय अधिकारियों को परिपत्र जारी कर सम्बंधित आहरण-संवितरण अधिकारियों को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने कहा गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी के के दुबे द्वारा अवगत कराया गया है कि ऐसे प्रकरण जिनमें ओपीएस या एनपीएस चयन हेतु निर्धारित समय-सीमा में विकल्प प्रस्तुत कर दिया गया है, किन्तु कार्मिक संपदा में अपलोड नही किया जा सका है। उन प्रकरणों को परीक्षण उपरांत कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु जिला कोषालय अधिकारी को अधिकृत किया गया है। विगत 01 नवम्बर 2004 से 31 मार्च 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 मई 2023 तक सेवानिवृत्त या मृत हो चुके हैं तथा संबंधित के द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे प्रकरणों में संबंधित सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या मृत शासकीय सेवक के नॉमिनी द्वारा पुरानी पेंशन योजना में आने का विकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप परीक्षण उपरांत विकल्प स्वीकार कर अपलोड किया जाना है। उपरोक्त प्रकरणों को कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने हेतु नयी व्यवस्था का निर्धारण किया गया है जिसके तहत संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा मेकर आईडी से संबधित दस्तावेज अपलोड किये जायेंगे एवं चेकर आइडी से विकल्प को वेरिफाई किया जावेगा तदुपरांत कोषालय अधिकारी द्वारा प्रकरणों को ऑथोराइज्ड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह कार्य विशेष अभियान के तहत आगामी 26 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है। अतएव संबधित समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों द्वारा निर्धारित समय- सीमा में कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस या एनपीएस विकल्प अपलोड कर प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए।

# शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 19 दिसम्बर।** शहीद वीर नारायण सिंह जी के शहादत दिवस के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा शीतला मन्दिर प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया।आदिवासी समाज द्वारा विशाल रैली निकाली गई चौक में हजारों आदिवासीयों ने विधि विधान के साथ आदिवासी संस्कृति अनुसार शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र की पुजा अर्चना कर उनके बताये रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में आदिवासी युवाओं ने रैली निकाल कर सभा का आयोजन किया गया।सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह प्रदेश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे जिन्होंने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी वीर नारायण सिंह के मातृभूमि के लिए योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले आदिवासी जननायक वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे उन्होने सन् 1856 के भीषण अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया मातृभूमि के प्रति समर्पण और उनका बलिदान हमेशा याद किया जायेगा। पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज ने कहा कि आज आदिवासी समाज को संकल्प लेने की जरूरत है कि शहीद वीर नारायण सिंह के बताये रास्तों पर चलकर समाज का विकास करना जरूरी है।प्रो.पोस्ट मैट्रिक छात्रावास छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति भी किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष व वर्तमान जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, पन्नालाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज छुरा, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, कौशल ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील छुरा, उमेंन्द सिंग सोरी राजगोड़ समाज प्रमुख, खोमन चंद्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा, मोहन ठाकुर संरक्षक आदिवासी समाज, कुलेश्वर ठाकुर हॉस्टल अधीक्षक, गिरधारी कुंभकार हांस्टल अधीक्षक, तुलेश्वरी कंवर हांस्टल अधीक्षिका, थानेश्वर कंवर कंवर समाज, पवन ध्रुव, देवेश ठाकुर, संतोष सोरी, पुनितराम ठाकुर, गुंजा ठाकुर भगवती कौशल्या ठाकुर सहित महिला पुरुष युवा बडी़ संख्या में आदिवासी समाज व नगर के लोग भारी जनसंख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी शीतल ध्रुव के द्वारा किया गया।

### विधायक इन्द्र साव ने रेलवे जीएम से भेंटकर

# बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक से नागरिकों के लिए मांगी सुविधाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 19 दिसम्बर।** दक्षिण, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तथा मण्डल प्रबंधक का रेलवे स्टेशन निरीक्षण करने 18 दिसम्बर को आगमन हुआ। विधायक इंद्र साव ने मुलाकात कर नगर के आमजनों को होने वाली असुविधाओं के मद्देनजर इनके समक्ष कई प्रकार की मांगें रख, इन पर ध्यान देने की बातें कही।

**सुधारा जाए रेलवे स्टेशन से सिद्ध बाबा (माल धक्का) रोड:** भाटापारा रेलवे स्टेशन से विश्राम गृह व मालधक्का होते हुए सिद्ध बाबा रेलवे क्रासिंग तक रेल्वे प्रशासन द्वारा मालधक्का से माल परिवहन हेतू वर्षों पूर्व सड़क निर्माण किया गया था। जिससे इस मार्ग पर भारी मात्रा में अत्यधिक वजन वाली ट्रकों एवं अन्य वाहनों की आवाजाही के कारण यह सड़क लम्बे समय से जर्जरावस्था को प्राप्त कर चुकी है। इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की है।

**हटरी बाजार, चावला गली के पीछे स्थित नाले का किया जाए जीर्णोद्धार:** इसी तरह हटरी बाजार अण्डर ब्रीज के पास से राजकुमार बुद्धालाल शर्मा के घर के पास से चावला गली के पीछे वर्षों पूर्व रेल्वे प्रशासन द्वारा नाला निर्माण किया गया था। जो पर्याप्त देख-रेख के अभाव के चलते इसकी साफ-सफाई नहीं होने के कारण बहुत जर्जर व गंदा हो चुका है। जो थोड़ी सी बरसात होने की स्थिति में ओव्हर-फ्लो होकर इसका गंदा पानी आस-पास रहने वालों के घरों में घुस जाता है। जिससे कई प्रकार की गंभीर बीमारियां फैल सकती है। इसे ठीक करवाया जाए।

**हटरी बाजार सुलभ कांप्लेक्स के पास व्याप्त गंदगी साफ करवाई जाए:** वहीं स्थानीय रेलवे प्रशासन द्वारा आज से लगभग 50-60 वर्षा पूर्व नगर के कुम्हारपारा से हटरी बाजार (पुराना मछली मार्केट) की ओर जाने वाले रास्ते पर अण्डर ब्रीज बनवाया गया था। जो उचित देख-भाल के अभाव में कचरे से पूर्णतः पट गया। यहीं पर स्थानीय प्रशासन ने हटरी बाजार के व्यापारियों व आम नागरिकों की सुविधा के लिये सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण करवाया गया है। जो बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। आमनागरिकों, स्थानीय प्रशासन व रेल्वे प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण यहां पर सुचारू रूप से साफसफाई की अनदेखी के कारण कथित सुलभ-काम्प्लेक्स के आसपास वर्षों से दो से तीन फीट तक की कीचड़ चारो ओर फैली हुई है। जिससे जहां एक ओर यहाँ आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं दूसरी और यहां आस-पास निवासरत नागरिक भविष्य में कभी भी किसी प्रकार की संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका में डूबे रहते हैं। यहां की साफ-सफाई के साथ इसे भी दुरुस्त करने की मांग की गई है।

### एसईसीएल निर्मित बंद टायलेट को खोलने की मांग

रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ वर्षों पूर्व 86एस.ई.सी. एल. द्वारा जन-सुविधा टायलेट का निर्माण आम नागरिकों के लिये किया गया है। जिसे आज तक नागरिकों के लिये नहीं खोला गया है। जो स्टेशन के बाहर शो-पीस जैसा खड़ा नजर आता है। इसकी भी देख-भाल नहीं होने के कारण यह भी टूटता-फूटता जा रहा है। इसे भी आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुये शीघ्र ही आरंभ करने की मांग स्थानीय विधायक इंद्र साव ने करते हुये अधिकारी द्वय से भाटापारा रेलवे स्टेशन में वन्दे भारत ट्रेन के साथ-साथ अन्य कई एक्सप्रेस व सुपर फास्ट ट्रेने जिनका भाटापारा जैसी बड़े रेलवे स्टेशन पर स्टापेज नहीं है। उनका यहां पर स्टापेज देने की मांग भी की है।

# चरित्र निर्माण से बाकी सब कार्य अपने आप होंगे:सोनेकर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 दिसम्बर।** शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत टेंगनाबासा में आयोजित भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित होने वाली सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर प्रथम बौद्धिक सत्र में अग्रणी वीर शुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद एवं शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के प्राचार्य डॉ. आर. के. तलवरे जी, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ नीलांबर पटेल, सत्यम कुंभकार सहायक प्राध्यापक बायोटेक्नोलॉजी, राजेश पटेल शिक्षक, सी. के. टेमरे उपस्थित हुए जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. तलवरे के द्वारा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय सत्र में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर से स्वामी प्रपत्यानंद जी, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र अध्ययनशाला से प्रोफेसर बी एल सोनेकर जी, शासकीय महाविद्यालय बेमेतरा से डॉ.पंकज कुमार साहू उपस्थित हुए। प्रोफेसर बी. एल. सोनेकर जी ने चरित्र निर्माण पर बल देते हुए शारीरिक बल, बौद्धिक बल, आध्यात्मिक बल और भावनात्मक बल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतिम व मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी प्रप्रत्यानंद जी ने सबसे पहले मनुष्य बनने के लिए स्वामी विवेकानंद जी द्वारा उदघोषित वचनों द्वारा स्वयंसेवकों को मनुष्य बनने की सपथ दिलाई तत्पश्चात देश को महान बनाने के लिए सर्वप्रथम स्वयं को महान बनने पर बल दिये और महान बनने के विभिन्न पहलुओं को विस्तृत रूप से बताया साथ में मनुष्य को संस्कार, चरित्रवान, देश के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दीये। यह कार्यक्रम डॉ विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुआ जिसमें सुश्री रागनी ठाकुर, ज्योति साहू सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहीं। मंच संचालन हिमांशु देवांगन, चांदनी ठाकुर, जीतू दीवान ने किया एवं मोहम्मद हफीज अली और किरण साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## समाचार संक्षेप

### विधायक पंहुची प्रतिभा स्थली



**डोंगरगढ़, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवनिर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल चंद्रगिरी में स्थित प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विधापीठ की प्राचार्या गुंजन दीदी उप प्राचार्या अर्चना दीदी शिक्षिका निशा दीदी के आग्रह पर प्रतिभास्थली पंहुची। प्राचार्या गुंजन दीदी ने आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से प्रतिभास्थली में चल रहे सीबीएसई हिन्दी माध्यम स्कूल के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यहां हिन्दी इंग्लिश और संस्कृत तीनों भाषा में छात्राओं को पारंगत कर भारतीय संस्कृति के अनुकूल संस्कार वान बनाने शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि अब प्रतिभास्थली में सभी समाज की बालिकाओं को प्रवेश दिया जा रहा है। साथ ही कक्षा 1 से 5 वीं तक डे बोर्डिंग की सुविधा होने से बालिकाएं अपने घर भी जा सकेंगी। ज्ञात हो इससे पूर्व विद्यालय में मात्र जैन बालिकाओं को प्रवेश दिया जाता था परंतु गत वर्ष से सभी समाज की बालिकाओं हेतु विधालय में प्रवेश आरंभ किया गया है। प्रवेश हेतु इच्छुक परिजन प्रत्येक शनिवार और रविवार को विधालय में संपर्क कर सकते हैं। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधालय व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि डोंगरगढ़ में ऐसा विधालय होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विद्यालय में पढ़ रही ग्रामीण अंचल की छात्राओं से बातचीत कर उनसे उनके विद्यालय में पढ़ने का अनुभव के बारे में पूछा और उनके आत्मविश्वास से भरे जवाब से बच्चों की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने विद्यालय में प्रवेश संबंधी जानकारी आम जनों तक पंहुचाने आश्वस्त किया। इस दौरान विधायक के साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता अनिल जैन यतीश जैन हरीश भंडारी रामजी तराने जितेन्द्र भाटिया मयूर हथेल उपस्थित रहे।

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान



**बलौदाबाजार, 19 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के वार्डो में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा पंचायतो में जनपद सीईओ व सचिव की निगरानी में सफाई अभियान चलाने के साथ ही पूर्व में निर्मित अटल चौक की साफ सफाई, मरम्मत एवं रंग- रोगन का कार्य शुरु किया गया है। विगत दिनों नगरीय निकयों के विभिन्न वार्डो सहित संयुक्त जिला कार्यलय परिसर, ग्राम दतान, अर्जुनी, गुडेलिया, निपानिया, सेमरडीह, पनगांव, खैरा, पंडरिया आदि ग्राम पंचायतो में स्वच्छत अभियान चलाकर सड़क, हैण्डपम्प के आसपास की साफसफाई किया गया। यह सफाई अभियान सतत रुप से जारी रहेगा। अटल चौक की साफसफाई, मरम्मत व रंग रोगन किया जा रहा है जिससे वह भी संवरने लगा है।

■ अटल चौक की मरम्मत व रंग-रोगन शुरू

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक रोहित साहू ने विभिन्न विभागीय स्टालों का किया निरीक्षण

# लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने अधिकारियों को किया निर्देशित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 दिसम्बर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू छुरा ब्लॉक के ग्राम सोरिदखुर्द व फिंगेश्वर ब्लॉक के सरकड़ा तथा बोरिद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।यहा वे सभी भाजपा पदाधिकारियों व अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मोदी जी के गारंटी रथ पर लगे एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लाइव सुना।उन्होंने सभी गांवों के शिविर में सभी विभागीय स्टालों का निरीक्षण कर अधिकारियों से त्वरित निराकरण करने तथा अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाने निर्देशित किया।यहां पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन लाइव सुना और विकसित भारत के संकल्प हेतु शपथ लिया।उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री वितरण कर लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसेवा के प्रति समर्पित यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर रहा है। ग्रामीण स्तर से लेकर उच्च स्तर तक हर आमजन को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार प्रभावी ढंग से आगे बढ़ रही है।उन्होंने सभी गाँवों में ग्रामवासियों का आभार भी प्रकट किया।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष फिंगेश्वर प्यारेलाल सोनकर, मंडल अध्यक्ष छुरा पीलूराम यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष छुरा तोकेश्वरी मांझी, भाजयुमो नेता राजू साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यदु, सोमप्रकाश साहू, रामाधार साहू, विजय कंडरा, ओमप्रकाश साहू, मोती निषाद, गजेंद्र निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर जगदीश यादव, पूर्व जनपद सदस्य सोमन यदु, पुष्पलता सिन्हा जनपद सदस्य, जगराम नंदे, तुकाराम सिन्हा, श्रीराम सिन्हा, रामभरोशा साहू, ललित सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी मौजूद रहे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..................

अ/2 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

आवेदिका श्रीमति रोहणी जयसवाल पति भरत जयसवाल निवासी महावीरपारा वार्ड नं. 12 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश कि है कि आवेदिका के नाम से ग्राम डोगरगढ़ में भूमि स्वामित्व हक व आधिपत्य में भूमि खसरा नं. 255/48 रकबा 0.022 हेक्टेय (2350 व.फी) भूमि स्थित है जिसे आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् निवेदन की है आवेदिक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना नक्शा-खसरा बी-1 पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ..................

अ/2 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति यशोदा साहू पति प्रकाशचद्र साहू जाति तेली, निवासी डिपरा पारा वार्ड नं. 22 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश कि है कि आवेदिका के नाम से ग्राम डोगरगढ़ में भूमि स्वामित्व हक व आधिपत्य में भूमि खसरा नं. 255/47 रकबा 0.021 हेक्टेयर भूमि स्थित है जिसे आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् निवेदन की है आवेदिक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना नक्शा-खसरा बी-1 पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29/12/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़

# कच्चे में 500 करोड़ के लेनदेन का खुलासा

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की आयकर टीम द्वारा प्रदेश के अनाज कारोबारियों और ब्रोकरों के 50 ठिकानों पर चल रही जांच सोमवार की शाम को पूरी हो गई। बताया जा रहा है कि पांच दिनों तक चली जांच में इन कारोबारी समूहों के पास से 500 करोड़ रुपये की गड़बड़ी सामने आई है।

आयकर अफसरों की टीम ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी है। इन समूहों के पास से 11 करोड़ नकद व दो करोड़ की ज्वेलरी जब्त की गई है। वहीं, 11 करोड़ रुपये के निवेश व प्रापर्टी के कागजात मिले हैं। जांच में मिले 16 लाकरों में से 11 को खोला जा चुका है।

बीते सप्ताह गुरुवार से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के आयकर अफसरों की संयुक्त टीम द्वारा अनाज कारोबारियों व ब्रोकरों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई व बिलासपुर स्थित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। उसके बाद से लगातार जांच जारी थी, जो सोमवार शाम तक चली। आयकर सूत्रों के अनुसार इन कारोबारी समूहों द्वारा अपना ज्यादा से ज्यादा काम कच्चे में किया जा रहा था, ताकि टैक्स चोरी की जा सके। एक अनाज कारोबारी द्वारा काफी ज्यादा मात्रा में दाल का संग्रहण कर बाद में अत्यधिक मुनाफा कमाकर बिक्री की गई।

सूत्रों के आईटी अफसरों को अलग-अलग कारोबारी ठिकाने से कच्चे में लेन-देन के जो दस्तावेज हाथ लगे हैं। उनमें सौ करोड़ रुपए से ज्यादा में कच्चे में लेन-देन की जानकारी आईटी अफसरों को मिला है। गौरतलब है कि आईटी अफसरों ने पिछले गुरुवार को राजेश्वरी के साथ बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज, ब्रोकर बालकिशन माहावार तथा भनपुरी स्थित सूरज पल्सेस सहित एक दर्जन कारोबारियों के 50 ठिकानों कोल्ड स्टोरेज, दाल मिल घर तथा कार्यालय में छापे की कार्रवाई शुरू की थी। छापे की कार्रवाई में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के आयकर अधिकारी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक सूरज पल्सेस द्वारा ज्यादातर कारोबार कच्चे में किया है। कारोबारी समूह ने पिछले तीन से चार वर्षों में जो खरीदी-बिक्री की है। उनमें ज्यादातर कच्चे में लेन-देन किया गया है। कारोबारी समूह के यहां से आईटी की टीम ने अब तक 11 करोड़ रुपए कैश तथा दो करोड़ रुपए की ज्वेलरी सीज की है।

### अचल संपत्तियों में निवेश के साक्ष्य मिलने की अटकलें

प्रवर्तन निदेशालय के ऑयल गैस एंड एनर्जी लिमिटेड और मेसर्स मैक्स टेक ऑयल एंड गैस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ में पीएमएलए, 2002 के तहत दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। जानकारी के मुताबिक ईटी की रेड इस कंपनी से जुड़े हुए व्यक्ति और संस्थानों में पड़ी। तलाशी अभियान के दौरान ईडी अफसरों को फर्जी लेनदेन, फर्जी संस्थाओं के साथ लेनदेन और शेयरों और अचल संपत्तियों में रुपये के निवेश से संबंधित साक्ष्य मिले है। इसके अलावा भारी मात्रा में नकदी जब्त भी की गई है। 78 लाख रुपये और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज़/डिजिटल रिकॉर्ड भी बरामद किए गए।

क्रिसमस



रायपुर, 19 दिसम्बर। क्रिसमस के पूर्व राजधानी में सड़क किनारे सांता क्लाज के मुखौटे व वस्त्र बिकने लगे हैं।

## एक नजर

### कार्पोरेट ऑफिस से साढ़े 3 लाख रुपए पार

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** तेलीबांधा स्थित शुभम कॉर्पोरेट में काम करने वाला सहकर्मी ने ऑफिस के आलमारी से नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार पाठक 56 वर्ष मधुबन कालोनी अमलीडीह का रहने वाला है। प्रार्थी तेलीबांधा स्थित शुभम कार्पोरेट ऑफिस में काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी घनश्याम प्रधान भी प्रार्थी के साथ उसी ऑफिस में काम करता है। जहां काम करने के दौरान आरोपी ने ऑफिस के आलमारी से 24 अक्टूर से 31 अक्टूबर 2023 के मध्य 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** ग्राम किरना में ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रमोद वर्मा 27 वर्ष अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। जिससे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एनडी 6105 के चालक रामजी साहू ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रमोद की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक के खिलाफकार्रवाई की है।

### सफाईमेट का गोल्ड मेडल से सम्मान



**रायपुर, 19 दिसम्बर।** समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा एवं महामंत्री सुभाष अग्रवाल ने इंदिरागांधी वार्ड के सफाई मेट कमलेश सिंह को उनकी उत्कृष्ठ सेवा के लिए गोल्ड मैडल व मिठाई देकर सम्मानित किया। श्री कमलेश सिंह सुबह 5 बजे ड्यूटी में आते है तथा भूख प्यास की परवाह किये बिना शाम 5 बजे तक कार्य करते रहते है इसका दूसरा कोई उदाहरण नहीं है।

### अवैध शराब बेचते महिला सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 138 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 3350 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने रजबंधा मैदान के पास अवैध शराब बेचते आरोपी शशांत पाण्डे 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने समलेश्वरी नगर में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी दीपक सेंद्रे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम छेरीखेड़ी में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी महिला रानी मनहरे 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 90 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 2800 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### पाररास समपार फाटक बालोद गेट मरम्मत के लिए बंद

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** रायपुर रेल मंडल के बालोद - कुसुमकसा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 929/13-14 (पाररास) फाटक गेट पर रेलवे के मरम्मत का कार्य दिनांक 19 दिसंबर दिन मंगलवार को समय 21:00 बजे से दिनांक 20 दिसंबर दिन बुधवार को समय 09:00 बजे तक समपार फाटक पर सड़क आवागमन बंद रहेगा । समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक हैं । रेल प्रशासन सभी से सहयोग की आशा करता है ।

### नव वर्ष पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध की मांग

**रायपुर, 19 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने 31 दिसंबर को नववर्ष के कार्यक्रमों में रात 12 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति न देने की मांग करते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है. समिति ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि गत वर्ष 2022 में जिस प्रकार पूरे प्रदेश के लिए 31 दिसंबर की रात ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति अचानक दी गई थी वैसी अनुमति इस वर्ष ना दी जावे. क्योंकि इसकी आड़ में देर रात तक तेज

## कांग्रेस की योजनाओं को बंद कर रही भाजपा : आहूजा

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** नहर पारा विकास समिति के अध्यक्ष रमेश आहूजा ने एक बयान में कहा है कि भाजपा में कांग्रेस की योजनाओं के प्रति जो गुस्सा या क्रोध है वह स्पष्ट दिखाई दे रहा है। भाजपा ने अपनी हार के तीन कारण शपथ ग्रहण के केवल 5 दिनों में खोज लिये हैं।

दानी स्कूल के पीछे सड़क को छात्राओं ने बंद कराया था। बिजली बिल हाफ योजना को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उसे बंद करने का बयान दिया है। राजधानी से हर गुमटी व ठेले वालों को हटाया गया। जिससे इन रोज कमानेखाने वालों का रोजगार भाजपा छीन रही है। भाजपा इस प्रकार हार के कारणों का यज्ञ कर रही है कांग्रेस को सिर्फ इसमें आहुति डालकर स्वाहा-स्वाहा बोलना है।

यही रफ्तार रहीं तो भाजपा एक माह में जनता के लाभ की कांग्रेस की सभी योजनाओं को बंद कर लोकसभा चुनाव के पहले ही अपनी हार की तैयारी कर लेगी। भाजपा जनता रूपी पेड़ की जिस डाल में बैठी है उसी को काट रही है परिणाम सभी जानते है। अनूप जलोटा ने एक भजना में कहा है कि क्रोध अगन से तेज है यहि दोहा चरितार्थ हो रहा है।

### एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन और मोर चिन्हारी संस्था ने उठाई आवाज

## छत्तीसगढ़ी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा देने की मांग

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा दिलाने छत्तीसगढ़ी जुराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन और मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी के सयुंक्त तत्वाधान में रायपुर के घड़ी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी के प्रतिमा के पास आज सुबह छत्तीसगढ़ी जुराव कार्यक्रम हुआ. संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ी को पूर्ण राजभाषा का दर्जा दिलाने,



सभी मंत्री और विधायकों को राजभाषा छत्तीसगढ़ी मे शपथ लेने के लिए प्रेरित करने, नयी शिक्षा नीति को राज्य मे लागू कर स्थानीय छत्तीसगढ़ी भाषा को लागू करने, सरकारी विभागों मे छत्तीसगढ़ी भाषा मे काम हो, विधानसभा की कार्यवाही राजभाषा छत्तीसगढ़ी में सपन्न हो, इसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ी रोजगार की भाषा बने. इन सभी एजेंडों को लेकर एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारी छात्र, मोर चिन्हॉरी संस्था की टीम, भाषा प्रेमी, साहित्यकार, यूटुबर, पत्रकार लोग एक साथ एकत्र होकर छत्तीसगढ़ी के लिए आवाज उठाएंगे. गैरतलब है कि राज्य बने 23 वर्ष हो गए, लेकिन अभी तक छत्तीसगढ़ी भाषा को वो सम्मान नहीं मिल पाया है जिसके हक़दार हैं. यह अलग बात है कि तत्कालीन रमन सिंह की सरकार ने 2007 मे विधिवत रूप से इसे राजभाषा का दर्जा दिया था पर यह भाषा सिर्फ कागजों में ही राजभाषा का दर्जा प्रदान है. उन्होंने कहा, पूर्ण रूप से इसे भाषाई दर्जा प्रदान करवाने के लिए एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन लगातार लड़ाई लड़ रहा है. इसी कड़ी में ही उक्त आयोजन किया जा रहा है. ऋतुराज साहू ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को उपस्थित होने का आग्रह किया है, ताकि एक साथ मिलकर अपनी भाषा के लिए आवाज बुलंद किया जा सके.

### तीन चिकन दुकानों को नगर निगम ने किया सील

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती और 19 दिसम्बर को संत तारण तरण जयंती होने पर रायपुर में मांस-मटन बिक्री पर बेन लगाया गया है। नगर पालिक निगम रायपुर ने इसके लिए आदेश भी पारित किया है। इसी बीच आज निगम ने चिकन की 3 दुकानों बड़ी कार्रवाई की है और दुकानदारों पर 10-10 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

नगर पालिक निगम ने आदेश में कहा है कि 2 दिनों में अगर कोई मांस बेचते पाया गया तो मांस जप्त कर, दुकान के मालिक के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

केवाईसी



रायपुर, 19 दिसम्बर। केवाईसी कराने के लिए गैस एजेंसियों में उपभोक्ताओं की लंबी कतार।

### यूपी में बंधक 15 युवाओं को रिहा कराने बैज का सीएम को पत्र

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** पहाड़ी कोरवा जनजाति के 15 युवाओं को उत्तरप्रदेश में बंधक बनाए जाने पर पीसीसी चीफदीपक बैज ने मुख्यमंत्री साय को पत्र लिखा है. बैज ने कहा कि सरगुजा क्षेत्र में पहाड़ी कोरवा जनजाति रहती है. उन्होंने सरकार से बंधक बनाए गए युवकों को तत्काल रिहाई करवाने का आग्रह किया है. साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. दीपक बैज ने कहा, आज विभिन्न समाचार माध्यमों से संज्ञान में आया कि सरगुजा मैनपाट क्षेत्र के लगभग 15 से अधिक पहाड़ी कोरवा जनजाति के युवकों को उत्तरप्रदेश में बंधक बनाकर रखा गया है. इनकों संरक्षण देना शासन का महत्वपूर्ण दायित्व है. हमारे प्रदेश के लिए बड़ी घटना है. पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते आदिवासी होने के नाते राज्य सरकार मुख्यमंत्री को पत्र लिखा हूं. शासन हमारे युवकों को सुरक्षित छत्तीसगढ़ लाए. जो संबंधित व्यक्ति है उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, यह शासन से मांग करता हूं.

## मंत्रालय में फाइलों का अंबार

**रायपुर, 19 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के मंत्रालय में प्रतिदिन करीब 200 से ज्यादा फाइलें मूव करती है। इसमें 20 से 30 प्रतिशत फाइल विभागीय मंत्री तक जाती है। इन फाइलों पर विभागीय मंत्री की अनुशंसा और हस्ताक्षर जरुरी होता है। लेकिन प्रदेश में पिछले चार महीने से मंत्री चुनावी गहमा-गहमी में व्यस्त हैं। इससे फाइलों की ढेर बढ़ती जा रही है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसा सभी विभागों में करीब 17 हजार फाइलें पेडिंग पड़ी हैं। इनमें कई फाइलें ऐसी हैं जिन्हें सचिवों ने विभागीय मंत्री या सरकार का रुख जानने के लिए रोक रखा है।

अफसरों के अनुसार छत्तीसगढ़ में अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। नियमानुसार चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के बाद सरकार कोई नीतिगत या नए फैसले नहीं ले सकती है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही मंत्री सहित पूरी सरकार इसमें अफसर भी शामिल थे, चुनाव में व्यस्त हो गए। इस दौरान अफसर भी केवल जरुरी फाइल ही निपटाते रहे। लेकिन मंत्रालय में कामकाज सितंबर के पहले सप्ताह से ही काम बंद हो गया था। पूर्ववर्ती सरकार के ज्यादातर मंत्री मंत्रालय जाते ही नहीं थे अफसर फाइल लेकर उनके बंगले आते थे।

अफसरों के अनुसार सितंबर के पहले सप्ताह से ही ज्यादातर मंत्री चुनाव में व्यस्त हो गए थे। इस दौरान बेहद जरुरी फाइलें ही उन्होंने निपटाया। ऐसे में सितंबर के पहले सप्ताह से ही फाइलों की ढेर लगनी शुरू हो गई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार सबसे ज्यादा पेंडेंसी स्कूल शिक्षा विभाग में है। आर्थिम मदद की मांग वाली आम लोगों की भी दर्जनों फाइलें पेडिंग में पड़ी हैं।

## रोटरी क्लब कर रहा है नवजात से लेकर वृद्धों तक की सेवा

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** मातृ छाया उन नवजात शिशुओं का आश्रय स्थल है जिनकी माताओं ने उनको जन्म देते ही किन्ही कारणों से अपने नवजात शिशुओं को परित्याग कर दिया। ऐसी दंपती जिन्हें औलाद का सुख प्राप्त नहीं होता है, वे इन बच्चों को गोद लेकर अपने सुने जीवन में खुशियां लाकर इनको माता पिता का प्यार और परवरिश देते हैं। सेवा भारती द्वारा संचालित इस आश्रय से अब तक 129 परिवारों को सुख प्राप्त हुआ है, वहीं इन बच्चों को माता पिता की छत्र छाया प्राप्त हुई है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गोविद शितूत ने बताया कि विगत चार वर्षो से रोटरी क्लब के द्वारा यहां सेवा दी जा रही है। जहां मातृ छाया स्थानीय देशव्यापी सेवा का कार्य कर रही है




वहीं विश्वव्यापी सेवा की संस्था रोटरी क्लब भी उनको सहयोग दे रही है। आज भी नौनिहालों के लिए दूध, चादर, बिस्किट ड्राइंग सामग्री एवं पूर्व अध्यक्ष स्वरुप चंद जैन के सहयोग से नगद राशि सेवा भारती, मातृ छाया के संस्थापक संरक्षक सुधाकर कोंडापुरकर को प्रदान की गई। 92 वर्षीय सुधाकर कोंडापुरकर जी का रोटरी के पूर्व अध्यक्ष स्वरूप चंद जैन द्वारा श्रीफल व शाल देकर उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। रोटरी क्लब के सचिव जयंत कुमार थोरात ने बताया कि मातृ छाया कई शिशुओं का घर रहा है, जिन्हें अस्पतालों, पुलिस स्टेशनों और दूसरी कई जगह में छोड़ दिया जाता है. इन शिशुओं का मातृछाया द्वारा पालन पोषण किया जाता है. साथ ही निःसंतान दंपती को उचित कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से शिशुओं को गोद लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मातृछाया ने निराश्रित शिशुओं और निःसंतान दंपतियों के बीच की खाई को दूर किया है. ओवर द रेन बो स्कूल के छोटे छोटे नन्हें मुन्ने बच्चो के साथ खेल कूद, कहानी, डांस आदि का आनंद उठा कर उन्हें बाल, लाली पॉप, खिलौनो आदि का उपहार दिया गया। छात्र छात्राओं व शिक्षिकाओं की उपस्थिति में शाला की प्राचार्या पूजा बडघरे को टेड़ी बेयर और बॉल्स स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर क्लब के सचिव जयंत कुमार थोरात, एन सी मोरयानी, अंजली शितूत, पूजा थोरात, एम पी आनंद, अनिल दास, चंपालाल साहू भी उपस्थित थे। स्कूल संचालक पूजा एवं आकांक्षा ने रोटरी के सभी सदस्यों का सम्मान करते हुए आभार प्रकट किया।

## रोटरी क्लब का मेगा रोजगार मेला 22 को

**रायपुर, 19 दिसम्बर।** शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों, को रोजगार उपलब्ध कराने का सुनहरा अवसर प्रदान कराने के लिए रोटरी क्लब ऑफ रायपुर अपने सहयोगियों इक्विटास, टेली ब्रेंस, हियरिंग केयर सेंटर एवं सिगनिया के साथ मिलकर 22 दिसंबर को रोटरी क्लब जलविहार कालोनी रायपुर में रोजगार मेले का आयोजन कर रही है। जिसमे बैंक, फाइनेंस, सेल्स एक्जीक्यूट, कंप्यूटर ट्रैनर, बेक ऑफिस, मार्केटिंग, हेल्थकेयर, हॉमकेयर, ड्राईवर, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्युरिटी गार्ड आदि पदों के लिए रोजगार उपलब्ध है जिनमें जिओ, टाटा मोटर्स, बैंक, फाइनेंसर आदि लगभग 18 कंपनियां एक ही स्थान पर साक्षात्कार लेंगी। वेतन 9000 से 35000 तक संभावित है। ये रोजगार रायपुर या छत्तीसगढ़ राज्य के लिए हैं। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, अनुभव प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज लेकर प्रातः 10 बजे उपस्थित होवे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23